53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 15.0°c अधिकतम 30.1 °c

अमृतवाणी

जिनका स्वभाव अच्छा होता है, उन्हें कभी प्रभाव दिखाने की जरूरत नहीं पड़ती।

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

भ्रष्टाचार नहीं भ्रष्टाचरियों को बचाने के लिए लड़ रहे हैं मोदी : कांग्रेस

कौन-कौन सी पार्टी के ?.....

सूर्योदय - 6:19, सूर्यास्त - 6:32 | वर्ष : 53/ अंक : 80 | रविवार, 23 मार्च 2025 | चैत्र, कृष्ण पक्ष, नवमी सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

मां-बाप का नाम डुबो रही औलादें, अय्याशी के अड्डे चला रहे थे शहजादे

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। मुजफ्फरनगर में लगातार बेखौफ होकर अय्याशी के अड्डे चलाए जा रहे हैं। पिछले तीन महीने में 6 से अधिक अय्याशी के अड्डे, कहीं स्पा सैंटर तो कहीं कैफे सेंटर के नाम पर मिल चुके हैं, मगर फिर भी कोई डर खौफ न पुलिस का और न मां-बाप का स्पा सैंटर चलाने वालों को और न इन स्पा सेंटरों में रंगरलियां मनाने वालों को। आज फिर ऐसा ही शर्मनाक मामला सामने आया, जिसमें द्वारिकापुरी के सामने स्थित ब्लोसम नाम से चलाए जाने वाले स्पा सेंटर में लगभग आधा दर्जन से अधिक लड़के लड़कियां मौके से पकड़े गए। पकड़े जाने के बाद मुंह ढककर उक्त युवतियां बाहर निकलती दिखाई दी। युवतियों और युवकों के चेहरे पर जरा भी शर्म नाम की चीज दिखाई नहीं दे रही थी। और शर्म आएगी भी कहां, शर्म तो आजकल के युवाओं ने शायद इन्हीं कैफे और स्पा सेंटरों में मुफ्त के भाव बेच दी है। ना उन्हें लोक लाज का डर और न लाड़-प्यार से पालकर बड़ा करने वाले मां-बाप का कोई खौफ रहा है। बस दुनिया में फ्रेंडशिप के नाम पर आए दिन अय्याशी करना ही ऐसी औलादों का उद्देश्य दिखाई देता है। फिलहाल पुलिस युवक-युवतियों को पकड़कर नई मण्डी कोतवाली ले गयी है और स्पा सेंटर संचालक सुनील उर्फ विक्की निवासी गांधी कॉलोनी का निवासी बताया जा रहा है।

इससे पहले भी मिल चुके हैं अय्याशी के अड्डे

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में यह पहला मौका नहीं है जब औलादों ने मां-बाप को शर्मसार करने में कोई कसर छोड़ी हो। इससे पहले भी महावीर चौक के निकट स्थित एक कैफे सेंटर से लगभग दो दर्जन से अधिक युवक-युवती आपत्तिजनक कार्यों में लिप्त पाए गए थे, उसके बाद गांधी कॉलोनी में बुद्धा कैफे, भोपा रोड पर स्पा सेंटर, खतौली में होटल, रेलवे रोड स्थित कमल प्लाजा, बुढ़ाना में स्पा सेंटर आदि कई स्थानों पर युवक-युवती आपत्तिजनक हालत में पकड़े गए थे, जिनके समाचार भी प्रत्येक सोशल मीडिया व समाचार पत्रों द्वारा प्रकाशित किये गए। बड़ी बात यह है कि उक्त कैफे, स्पा सेंटर चलाने वालों को पुलिस का भी कोई खौफ नहीं है कि पकड़े जाने के बाद सामाजिक बदनामी तो होगी ही, साथ ही साथ पुलिस द्वारा जो कार्यवाही की जाएगी, वह जिंदगी भर के लिए मां-बाप व औलाद के माथे पर कलंक के समान होगी। बावजूद इसके आज की औलादों को मां-बाप की इज्जत की कोई चिंता नहीं रही।

प्रेम की दुहाई देकर शरीरों को भोग रही युवा पीढ़ी

मुजफ्फरनगर। एक समय था जब प्रेम को पूर्णतया पवित्र माना जाता था और लोग इसे इबादत तक समझते थे, मगर प्रेम के नाम पर युवा पीढ़ी आज जो कर रही है, वह वास्तव में आज के युग में प्रेम के नाम को ही दागदार कर रही है। युवा ही नहीं, किशोर उम्र में ही होटलों के बिस्तरों पर पहुंचकर देह पिपासा में लिप्त आजकल के किशोर व युवा प्रेम का बखान करते हैं। यदि ये वास्तव में ही प्रेम है तो पहले इस प्रेम का अता-पता अपने माता-पिता को दो। उसके बाद उनकी सहमति से विवाह जैसा संस्कार सम्पन्न करो, उसके बाद आप बिस्तर तक पहुंचने के अधिकारी हैं। एक तरफ तो हम भारतीय संस्कृति की दुहाई देते हुए लोक लाज की बात करते हैं, दूसरी ओर आज हम पाश्चात्य संस्कृति से भी गये गुजरे हो गए हैं। जिन संस्कारों में हम पले बढ़े हैं, वहां बालिग होने के बाद ही हम इन कृत्यों की तरफ बढ़ने के अधिकारी हैं, वो भी विवाह की परम्परा में बंधने के बाद। मगर आज सांस्कृतिक ताना-बाना तार-तार कर चुकी युवा पीढ़ी जिस तरह से सबकुछ ताक पर रखे हुए है, ऐसा लगता है कि मानो अगले दस सालों में देश के सांस्कृतिक हालात विदेशों से भी बदतर हो जाएंगे। पहले के जमाने में प्रेम को भी बड़ी शालीनता के साथ किया जाता था। यदि इत्तेफाक से कुछ लोग इस प्रेम को कर भी लेते थे, तो इसकी हवा पड़ोस तक भी नहीं पहुंचती थी। प्रेमी युगल सहजता से अपने परिवार में यह बात रखता और परिवार के लोग जैसी सहमति जताते वैसा औलादें मान जाती थी, फिर चाहे अपना प्रेम अधूरा ही क्यों न रह जाए। आज के दौर में यदि परिवार के लोग औलादों को यह समझाते हैं कि अभी तुम्हारी प्रेम की उम्र ही नहीं है तो औलादें मां-बाप से चोरी चोरी होटलों और कैफे सेंटरों तक जाने में कोई झिझक नहीं करती। शारीरिक सम्बंध बनाने में भी कोई गुरेज अब युवा पीढ़ी को नहीं रह गया है। ऐसे में हमारा समाज किस ओर जा रहा है, आए दिन हो रही ऐसी घटनाएं मां-बाप को कलंकित कर रही है।

अवैध हॉस्पिटल में भर्ती जच्चा बच्चा की हुई मौत

बुढ़ाना, 22 मार्च (बु.)। एक अवैध हॉस्पिटल में भर्ती कराए गये जच्चा बच्चा की अप्रशिक्षित महिला चिकित्सक की लापरवाही से मौत हो गयी। जच्चा-बच्चा की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया, तो महिला चिकित्सक और स्टाफ एक-एक करके फरार हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कर शव को पीएम के लिए भेज दिया, जबकि सीएचसी प्रभारी ने अस्पताल सील कर मामले की जांच शुरू कर दी। भाजपा नेताओं ने बुढ़ाना कस्बे में चल रहे फर्जी अस्पतालों को सीज किए जाने की मांग की है। जानकारी मिली है कि बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव नगवा के निवासी ठाकुर अंकुर सिंह की पत्नि कुमकुम सोम को प्रसव पीड़ा के चलते डीएवी रोड पर स्थित एक अवैध हॉस्पिटल में किसी आशा कार्यकत्री के कहने पर भर्ती कराया गया था। आज सुबह गांव बड़कता निवासी एक महिला चिकित्सक सारिका राजपूत पत्नी अनिल की लापरवाही के चलते जच्चा-बच्चा की मौत हो गयी, तब परिजनों में चीख पुकार मच गयी, तो अस्पताल का स्टाफ एक-एक करके अस्पताल से फरार हो गया। उधर सूचना पाकर गांव नगवा से सैकड़ों ग्रामीण मौके पर आ गये और हस्पताल में तोड़फोड़ करनी चाही, लेकिन किसी की सूचना पर मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने हंगामा कर रहे आक्रोशित लोगों को शांत कर जच्चा-बच्चा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपी महिला चिकित्सक और स्टाफ के लोगों की तलाश शुरू कर दी, वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अर्जुन सिंह ने मौके पर पहुंचकर अस्पताल को सीज कर चिकित्सक के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी।

बाईसवाँ रोजा - 23-03-2025
सुन्नी 6:32 | इफ़्तार | शिया 6:41
रमजान- 2025
तेईसवाँ रोजा - 24-03-2025
सुन्नी 4:50 | सहरी | शिया 4:46

हाजी अकरम (कल्लू)
अध्यक्ष- नगर पंचायत, शाहपुर

RKB
दिल की देखभाल दिल से
हार्ट केयर सैन्टर
देश विदेश में 35 वर्षों का अनुभव
35 हजार से अधिक सर्जरी के अनुभवी

डॉ. पंकज बोहरा
MD(Gen.Med.), DM (Cardiology), MRCPI, FSCAI, Director, Chief Consultant Interventional Cardiologist)
हृदय रोग विशेषज्ञ
आधुनिक सुविधाओं के साथ
24hr SERVICE EVERYDAY
➤ आई.सी.यू. ➤ एन्जियोग्राफी ➤ पेसमेकर
➤ 2D ईको ➤ एन्जियोप्लास्टीक ➤ इमरजेंसी सुविधाएं
➤ ई.सी.जी. ➤ इंटेसिव केयर यूनिट ➤ पैथोलॉजी लैब
पता:-203/58, गली नं. 2, निकट डॉ. अशोक अग्रवाल पैथलैब, मेंन रोड, सदर बाजार, मुजफ्फरनगर
नाम लिखवाने के लिए मोबाइल नम्बर - 8864856388 पर कॉल करें
समयः- दोपहर 12:00 बजे से रात्रि 08: 00 बजे तक (शनिवार-रविवार अवकाश)

CHAMBER PUBLIC GRAIN SCHOOL MUZAFFARNAGAR
Estd. 1985
GRAIN CHAMBER PUBLIC SCHOOL
Muzaffarnagar
(Affiliated to C.B.S.E.)
Affiliation No. 2130110
40+ years of Excellence in Education
ADMISSIONS OPEN 2025-26
Play to Class IX & XI
AC Class Rooms upto U.K.G.
DISCOVER INNOVATION IN EDUCATION
Focus on Academic Foundation
Brain Gym induced Pedagogy
Global Education with Indian Values
Following N.C.E.R.T. Books
Prospectus are available in the office between 7:30 a.m. and 2:30 p.m.

JR. WING :
New Mandi
✆ 8899102141
SR. WING :
Near Naveen Mandi Sthal
✆ 8899402549

D. GOENKA Muzaffarnagar
G.D. GOENKA
Public School, Muzaffarnagar
30 YEARS THIRTY & THRIVING 1994-2024
Every Child Deserves a Great Start !
PROVISIONAL
ADMISSIONS OPEN
SESSION 2025-26
FOR CLASS XI
SCIENCE | COMMERCE | HUMANITIES
The best -in-class infrastructure at GDGPS Muzaffarnagar includes
Air Conditioned Campus
1:20 Teacher-Student Ratio
ATL Lab
Fully Air Condition Transport System
Swimming Pool
Synthetic Lawn Tennis/ Basket Ball Court
10 Acre Lush Green Campus
ADMISSIONS OPEN & SCHOLARSHIP*
For meritorious students of Grade X seeking admission to Grade XI
95% and above - 100% waiver on tuition fee.
90% - 94.99% - 50% waiver on tuition fee.
85 %- 89.99% - 25% waiver on tuition fee.
* Conditions apply.
/gdgoenkamuzaffarnagar
www.gdgoenkamuzaffarnagar.com
ENQUIRE NOW
7060-671-720, 21

नागपुर हिंसा में घायल युवक की मौत, आईसीयू में भर्ती इरफान अंसारी ने तोड़ा दम

- 5 दिन बाद भी 9 इलाकों में कर्फ्यू

महाराष्ट्र, 22 मार्च (एजेंसी)। नागपुर में 17 तारीख को हुई हिंसा में घायल युवक की मौत हो गई है। हिंसा में इरफान अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा था। इमरान आईसीयू में भर्ती था। इलाज के दौरान उसकी जान चली गई। इस हिंसा में अन्य घायल लोगों का इलाज अस्पताल में जारी है। नागपुर में हुई इस हिंसा के बाद अब भी कई इलाकों में तनाव का माहौल है। घटना के 6 दिन बाद पुलिस ने शांति बहाल करने 9 इलाकों में कर्फ्यू लगाया हुआ है। नागपुर में औरंगजेब की मजार के पास विश्व हिन्दू परिषद की तरफ से धरना प्रदर्शन किया गया। इसी बीच अफवाह फैल गई कि दरगाह की चादर को जलाया गया है। ऐसे में बड़ी संख्या में मुस्लिम पक्ष की तरफ से युवक सड़क पर निकल आए, जिसके बाद 17 मार्च की शाम को भीड़ सड़कों पर उतर आई और दंगे भड़क गए थे। नागपुर हिंसा में घायल इरफान अंसारी की मौत हो गई है। इस घटना में यह पहली मौत है। हिंसा से जुड़े मामले में 100 से ज्यादा लोगों को पुलिस अरेस्ट किया है। शहर में शांति बहाल करने के लिए पुलिस ने करीब 11 इलाकों में कर्फ्यू लगाया था, इनमें 2 इलाकों से कर्फ्यू हटा दिया गया है। वहीं अब भी 9 इलाकों में अभी भी कर्फ्यू लगा हुआ है। इनमें गणेशपेठ, कोतवाली, तहसील, लकड़गंज, पचपावली, शांतिनगर, सक्करदरा, इमामबाड़ा और यशोधरानगर पुलिस थाना क्षेत्र शामिल है। हिंसा के बाद सीएम के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस नागपुर पहुंच गए हैं। मुख्यमंत्री फडणवीस नागपुर में हुए दंगे को लेकर भी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मिले। इस दौरान सीएम ने कहा कि पुलिस ने घटना के 4 -5 घंटे में इस दंगे पर काबू पा लिया था। पूरी हिंसा के दौरान कई पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं।

कृष्ण नारायण का प्रेम अवतार है : अरविंद जी महाराज

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बुस.)। शनिवार को महाराजा अग्रसेन भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथा व्यास अरविंद जी महाराज ने कहा कि भगवान कृष्ण ने सर्वाधिक सखा धर्म को निभाया। सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने कहा कि कृष्ण सुदामा के भी सखा और अर्जुन के भी सखा रहे हैं। अर्जुन को गीता जैसा अमूल्य ज्ञान भी सखा रूप में ही दिया। भगवान कृष्ण को नारायण का प्रेम अवतार माना गया है। कथा श्रवण की महिमा बताते हुए कहा कि सात दिन जिसने भी श्रद्धापूर्वक कथा सुनी, उसमें से एक भी सूत्र यदि जीवन में उतरने में सफल रहे, तो भागवत कथा श्रवण का पूर्ण फल प्राप्त होगा। राजा यदु व दत्तात्रेय संवाद, शुकदेव गमन व परीक्षित मोक्ष की कथा विस्तार से कही। महामृत्युंजय सेवा मिशन अध्यक्ष संजीव शंकर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन निरंतर होता रहना चाहिए। भागवत कलयुग में कल्याण का सरल साधन है। आज पल्लवी स्वरूप ने दीप प्रज्ज्वलित कर कथा का शुभारंभ किया। कथा में आज क्रांति सेना की ओर से भी महाराज श्री का पटका व पगड़ी पहन कर नगर आगमन पर अभिनन्दन किया। आनंद प्रकाश गोयल, पूनम चौधरी, देवेंद्र चौहान, संजीव वर्मा, उज्ज्वल पंडित, राजेंद्र तायल मुख्य थे। आज कथा में आरती के समय मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी भीमसेन कंसल, निरंकारी स्वरूप, आशुतोष कुच्छल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल,सत्य प्रकाश मित्तल, प्रदीप गोयल, संजय गुप्ता, शिव चरण गर्ग, मित्र सैन अग्रवाल, वेद प्रकाश मंगल, तेजराज गुप्ता, राकेश अग्रवाल, पुरुषोत्तम सिंहल, योगेश सिंघल(भगत जी), कुलदीप मित्तल, हरि ॐ शर्मा,पंडित जनार्दन शर्मा, पंडित ब्रह्मप्रकाश शर्मा, मुकेश गोयल, रोशन लाल गर्ग, रचित सिंघल, राजीव गर्ग (गणेश डेयरी), रविन्द्र (एंड), संजय गुप्ता, अशोक तायल, ब्रज गोपाल छारिया, गिरीश अरोरा (नन्दी स्वीट), सुभाष मित्तल (शंकर स्वीट) मुकेश बिंदल (स्वीट कॉर्नर) वहीं कथा महिला मंडल में मुख्य रूप से पल्लवी स्वरूप, पुष्पा मित्तल, साधना तायल, लतिका गोयल, अलका गुप्ता, साधना गोयल, अनीता मित्तल, रेखा मित्तल, सुधा कुच्छल, नीता बंसल इत्यादि मौजूद रहे।

मारपीट कर गंभीर घायल किया

मीरापुर, 22 मार्च (बु.)। शनिवार की देर शाम क्षेत्र के गांव सिकन्दरपुर निवासी सुनील पुत्र सुगन्धचन्द की गांव के ही सोनू पुत्र राजपाल के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी थी, जिसके बाद मामला इतना बढ़ गया कि सोनू ने अपने पक्ष के ईश्वर पुत्र सन्तरपाल व धर्मपाल पुत्र कीरत को वहाँ बुला लिया और आरोप है कि तीनों ने सुनील पर हमला बोल दिया और उसकी जमकर पिटाई की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए भिजवाया तथा तीनों हमलावरों को हिरासत में ले लिया। पीड़ित ने तीनों हमलावरों को नामजद कराते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

यूपी में अचानक बदला मौसम! आंधी के बाद बूंदाबांदी से किसानों की बढ़ी परेशानी

लखनऊ, 22 मार्च (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में शनिवार को राजधानी लखनऊ व आसपास के जिलों में अचानक मौसम बदल गया। आसमान में घने बादल छा गए और गरज-चमक के बीच हल्की बारिश हुई। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। उमस से परेशान लोगों को तेज हवाओं ने ठंडक का एहसास कराया। हालांकि मौसम विज्ञानियों के मुताबिक यह राहत कुछ समय के लिए ही है। रविवार से पूरे प्रदेश में मौसम सामान्य हो जाएगा और तापमान में लगातार बढ़ोतरी होने लगेगी। शनिवार को लखनऊ समेत पश्चिमी यूपी के मेरठ, गाजियाबाद, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बागपत और बुलंदशहर समेत कई जिलों में हल्की बारिश और तेज हवाएं चलीं। लखनऊ में सुबह से ही बादल छाए रहे और दोपहर होते-होते हल्की बारिश हुई। 20-25 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही पश्चिमी हवाओं ने दिन के तापमान में करीब 3 डिग्री की गिरावट ला दी, जिससे लोगों ने राहत महसूस की। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ और दक्षिण-पश्चिमी हवाओं के चलते यह बदलाव हुआ है। हालांकि यह बदलाव ज्यादा दिनों तक नहीं रहेगा। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार रविवार से राज्य में मौसम फिर सामान्य हो जाएगा और अगले 2-3 दिनों में तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगेगा।

महान मुक्केबाज जॉर्ज फोरमैन का निधन, 76 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

नई दिल्ली, 22 मार्च (एजेंसी)। पूर्व हैवीवेट चैंपियन जॉर्ज फोरमैन का शुक्रवार को निधन हो गया। उनके परिवार ने इंस्टाग्राम पर इसकी पुष्टि की। वह 76 वर्ष के थे। बयान में लिखा है कि हमारा दिल टूट गया है। गहरे दुख के साथ हम अपने प्रिय जॉर्ज एडवर्ड फोरमैन सीनियर के निधन की घोषणा करते हैं। 21 मार्च, 2025 को वह हमें अलविदा कह गए। फोरमैन उन मुक्केबाजों में शामिल थे, जो निडर और बेबाक थे। उनके आंकड़े इसकी गवाही हैं। फोरमैन ने मुक्केबाजी के 81 मुकाबले खेले। इसमें से 76 में जीत हासिल की। इसमें से भी 68 मैच उन्होंने नॉकआउट से जीते। सिर्फ पांच मैचों में उन्हें हार मिली। फोरमैन ने 1968 मैक्सिको ओलंपिक में हेवीवेट श्रेणी में स्वर्ण पदक भी जीता था। वह फैंस के चहेते मुक्केबाजों में से एक रहे। बयान में लिखा है, 'एक धर्मनिष्ठ उपदेशक, एक समर्पित पति, एक प्यार करने वाले पिता, एक मानवतावादी, एक ओलंपियन और दुनिया के दो बार के हैवीवेट चैंपियन। उन्होंने अटूट विश्वास, विनम्रता और उद्देश्य से चिह्नित जीवन जिया। उन्होंने सम्मान के साथ अपना जीवन जिया। वह अपने परिवार के लिए एक ताकत, अनुशासन, दृढ़ विश्वास थे। उन्होंने अपनी विरासत और अपने नाम को संरक्षित करने के लिए काफी संघर्ष किया। हम सभी से मिले प्यार और प्रार्थनाओं के लिए आभारी हैं। आप सभी से गोपनीयता की विनती करते हैं, क्योंकि हम एक ऐसे व्यक्ति के असाधारण जीवन का सम्मान करना चाहते हैं, जिसका हमने जीवनभर सम्मान और प्यार किया है।'

फैंथम हाल में बाल यौन अधिनियम पर कार्यक्रम संपन्न

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। शनिवार को फैंथम हाल स्थित सभागार में जिला बार संघ स्वाध्याय मंडल कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें आज का विषय बाल यौन संरक्षण अधिनियम पोक्सो एक्ट पर रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शलभ बंसल का सान्निध्य प्राप्त हुआ। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता शलभ बंसल ने बाल यौन संरक्षण अधिनियम विषय पर विस्तार पूर्वक व्याख्यान करते हुए इसके प्रति जागरूकता पर जोर दिया। इस कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता शशांक अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में प्रवेशिका अधिवक्ता प्रिंसी त्यागी ने रखी। कार्यक्रम के अध्यक्ष कुलदीप रहे। कचहरी परिसर में संपन्न इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वाध्याय मंडल के प्रभारी अधिवक्ता रविदत्त के सान्निध्य में करीब चार दर्जन अधिवक्ताओं की इस बीच मौजूदगी रही।

संभल में फल वालों ने पूर्णागिरि जा रहीं महिला श्रद्धालुओं को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

संभल, 22 मार्च (एजेंसी)। प्रदेश के संभल जिले में हाईवे पर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब मां पूर्णागिरि दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं और फल विक्रेताओं के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडों से मारपीट शुरू हो गई, जिससे हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस पूरी घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। यह घटना संभल सदर कोतवाली क्षेत्र के जनता पेट्रोल पंप के पास हुई। नखासा थाना क्षेत्र के मंडली समसपुर गांव के श्रद्धालु एक बस से मां पूर्णागिरि दर्शन के लिए जा रहे थे। देर रात श्रद्धालुओं की बस हाईवे किनारे रुकी, जहां वे फल खरीदने के लिए बाजार पहुंचे। फल की कीमत को लेकर श्रद्धालुओं और विक्रेताओं के बीच बहस शुरू हो गई। धीरे-धीरे विवाद बढ़ता गया और मामला मारपीट तक पहुंच गया। श्रद्धालुओं का कहना है कि वे दर्शन के लिए जा रहे थे, लेकिन फल विक्रेताओं ने उन्हें बुरी तरह पीटा। महिला श्रद्धालुओं ने आरोप लगाया कि विक्रेताओं ने उनके पैसे छीन लिए और उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। सूचना मिलते ही सरथल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन फल विक्रेता लगातार दबंगई दिखाते रहे। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कई लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि श्रद्धालुओं के साथ लूटपाट की गई या नहीं? सदर कोतवाली प्रभारी अनुज तोमर का कहना है कि विवाद की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी, जिसके पास कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है कि विवाद की मुख्य वजह क्या रही है। पहले विवाद किसकी तरफ से शुरू हुआ है।

दवाई लेने गयी महिला लापता

मीरापुर, 22 मार्च (बु.)। क्षेत्र के गांव कैलापुर जसमौर से अपनी जेठानी के साथ मीरापुर दवाई लेने आई एक महिला लापता हो गई। महिला के पति ने थाने में तहरीर दी है। क्षेत्र के गांव कैलापुर जसमौर निवासी सुनीत पुत्र तेजपाल ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार सुबह उसकी पत्नी सलोनी उसकी भाभी शर्मिष्ठा के साथ मीरापुर में एक डॉक्टर के यहां दवाई लेने आई थी। शर्मिष्ठा अपनी देवरानी को डॉक्टर को दिखाकर मैडिकल स्टोर से दवाई लेने के लिए चली गई। इसी बीच सलोनी वहाँ से कहीं चली गई। काफी देर बाद भी सलोनी वापिस नहीं आयी, जिसके बाद शर्मिष्ठा ने अपने देवर को इसकी जानकारी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

स्पा में सहमति से शारीरिक संबंध मानव तस्करी का अपराध नहीं: हाईकोर्ट

प्रयागराज, 22 मार्च (एजेंसी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि स्पा में किसी महिला का ग्राहक होना या सहमति से यौन संबंध में लिप्त रहते पकड़े जाने से मानव तस्करी का अपराध साबित नहीं होता। कोर्ट ने कहा कि धारा 370 भारतीय दंड संहिता में मानव तस्करी में शोषण के लिए भर्ती करना, परिवहन, स्थानांतरण या प्राप्त करना शामिल है। ये तथ्य याची के मामले में लागू नहीं होते। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने मानव तस्करी और अनैतिक देह व्यापार प्रतिषेध अधिनियम के तहत चल रहे आपराधिक मुकदमे की पूरी केस कार्रवाई रद कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने गौतमबुद्धनगर, नोएडा के सेक्टर 49 थाने में दर्ज प्राथमिकी में आरोपित विपुल कोहली की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। याचिका में आपराधिक केस रदद करने की मांग की गई थी। पुलिस ने याची को 20 मई 2024 को स्पा सेंटर में छापा मारकर महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा था। उसके खिलाफ आइपीसी की धारा-370 एवं अनैतिक देह व्यापार प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3, 4, 5, 6 के अंतर्गत प्राथमिकी लिखी गई। पुलिस के चार्जशीट दायर करने पर एसीजेएम गौतमबुद्धनगर ने संज्ञान लेकर याची को समन जारी किया। समन और मुकदमे की कार्रवाई को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। याचिका में कहा गया कि जो धाराएं लगाई गई हैं, उससे अपराध साबित नहीं होता।

श्री श्याम अखाड़ा एवं फाल्गुन महोत्सव कल नई मंडी में होगा

- श्री खाटू श्याम सेवा प्रचार समिति करेगी बाबा का गुणगान

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। श्री खाटू श्याम सेवा प्रचार समिति सोमवार 24 मार्च को नई मंडी श्रीराम लीला भवन में श्याम प्रभु खाटू वाले का भव्य कार्यक्रम आयोजित कर रही है। समिति अध्यक्ष विशाल गोयल ने बताया कि श्री श्याम अखाड़ा एवं फाल्गुन महोत्सव कार्यक्रम में पंजाब के भजन गायक विजय जी महाराज, गौरव पारिख कोलकाता व मयूर रस्तौगी दिल्ली द्वारा श्याम बाबा का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को हमारे प्रेरणास्त्रोत सुरेश गुप्ता (पहाड़गंज) वालों का विशेष सान्निध्य और आशीर्वाद भक्तों को प्राप्त होगा। मीडिया से वार्ता करते हुए समिति सचिव विकास गोयल ने बताया कि श्री श्याम कीर्तन का आयोजन श्रीरामलीला भवन, नई मंडी निकट कोतवाली में होगा, जहां पर बाबा का दिव्य व भव्य दरबार लगाए जाने के साथ भक्ति वन्दना के यू-ट्यूब चैनल व खाटू श्याम समिति फेसबुक पेज पर भी लाईव दिखाया जाएगा।

डीएवी कॉलेज में 5 दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर संपन्न

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। डीएवी महाविद्यालय के अध्यापक शिक्षा विभाग में चल रहे पांच दिवसीय बीएड स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टेन विशिष्ट परिचयात्मक प्रशिक्षण शिविर का समापन बुधवार को हो गया। इस दौरान प्रातः कालीन बेला में दीक्षा देकर शिविरार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय संस्था का सदस्य बनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रादेशिक प्रधान केंद्र लखनऊ एवं सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर मेरठ-सहारनपुर मंडल मयंक शर्मा ने शिविरार्थियों को आशीर्वचन देते हुए जीवन में सदा भ्रातृत्व तथा सेवाभाव के ओत-प्रोत भावी पीढ़ी के निर्माण के लिए प्रेरणा दी। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. गरिमा जैन, प्रधानाध्यापक डीएवी डिग्री कॉलेज ने छात्रों को दृढ़ता तथा साहस के साथ जीवन की समस्त चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. मुकेश चंद समन्वयक माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय एवं जिला आयुक्त रोवर्स, डॉ. सुषमा सैनी जिला आयुक्त रेंजर्स, विजय कुमार शर्मा जिला कमिश्नर स्काउट, प्रभा दहिया संगठन कमिश्नर (गाइड), अनिल शर्मा, डॉ. आरएम तिवारी, प्रो. मृदुला मित्तल, डॉ. प्रवीन अग्रवाल, डॉ. नीति मित्तल, रेणु गर्ग सहायक गाइड कमिश्नर भी उपस्थित रहे। संचालन गुंजन चौधरी जिला प्रशिक्षण आयुक्त द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यापक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करके उनका आभार व्यक्त किया। इस समारोह में छात्र-छात्राओं ने लोकगीत, एकल गीत, समूह देशभक्ति गीत आदि संस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। प्रशिक्षक के रूप में भरत भूषण अरोरा, ज्योति, डॉ. रेखा रानी रानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रो. सुविता कुमारी, प्रो. प्रीति अग्रवाल, प्रो. सुरेंद्र पाल, आदि ने शिविरार्थियों का उत्साह वर्धन किया। ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के उपरांत शिविर का समापन हुआ।

ट्रक व बाइक की भिड़न्त, तीन घायल

मीरापुर, 22 मार्च (बु.)। कस्बे में दिल्ली पौड़ी राजमार्ग पर बाइक व ट्रक की भिड़ंत में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गये। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने तीनों को प्राइवेट चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। शनिवार की शाम रामराज क्षेत्र के गांव पुट्ठी इब्राहिमपुर निवासी साद पुत्र शमशाद, शोएब पुत्र इनामुलहक, सुहैल पुत्र मोफिद बाइक से मीरापुर आ रहे थे। जैसे ही ये मीरापुर में फैजाम जूनियर हाई स्कूल के समीप पहुंचे, तो आगे जा रहे एक ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में इनकी बाइक की सामने से आ रहे एक ट्रक से भिड़ंत हो गई, जिसके चलते टक्कर लगने से बाइक सवार तीनों युवक दूर जाकर गिरे और घायल हो गये। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने तीनों घायल युवकों को प्राइवेट चिकित्सक के यहां उपचार दिलाया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

शाहपुर-मंसूरपुर मार्ग का होगा सुदृढ़ीकरण

शाहपुर, 22 मार्च (बु.)। क्षेत्रीय रालोद विधायक राजपाल सिंह बालियान ने शाहपुर-मंसूरपुर मार्ग के सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया। रालोद विधान मंडल दल के नेता व क्षेत्रीय रालोद विधायक राजपाल सिंह बालियान ने शनिवार को कस्बे के मंसूरपुर तिराहे पर शाहपुर-मंसूरपुर मार्ग, जिसकी लंबाई 14.350 किमी तथा 1013.01 लाख रुपये की अनुमानित लागत से सड़क के सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक ने बताया कि शाहपुर-मंसूरपुर मार्ग कस्बे व क्षेत्र की जनता के लिए मुख्य मार्ग है। शाहपुर-मंसूरपुर मार्ग नेशनल हाईवे-58 से जुड़ता है। इस मार्ग के जीर्णोद्धार से कस्बे व क्षेत्र की जनता को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के अलावा विभिन्न सड़कों के चौड़ीकरण के साथ विभिन्न गांवों के संपर्क मार्गों को भी बेहतर बनाने का कार्य चल रहा है। इसके अलावा उनका प्रयास है कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सड़कों आदि का निर्माण कराया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य यूनुस चौधरी, अंकित बालियान, नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी, समाजसेवी हाजी शाहिद त्यागी, जितेंद्र प्रधान, सत्येंद्र प्रधान, शौकीन प्रधान, सभासद सोनू सैनी, वकीला बेगम, मुर्सलीन राईन, साबू कुरैशी व अभिषेक बालियान आदि मौजूद रहे।

ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम संपन्न

- अंक नहीं, आपके प्रयास आपकी असली पहचान हैं। सीखते रहें, आगे बढ़ते रहें।!

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बुस.)। ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक विनोद संगल, आशा संगल, उपाध्यक्ष महेश गर्ग, शशि गर्ग, डॉयरेक्टर डॉ. एम.के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजादवीर, हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान एवं काउंसलर कंचन गर्ग द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। कक्षा प्ले के सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कक्षा बाल वाटिका एक से हरगुन त्यागी प्रथम, तेजस पंवार द्वितीय व नूरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा बाल वाटिका दो से अहान चंचल प्रथम, वेदांश दहिया द्वितीय व कियारा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा बाल वाटिका तीन से अयान अग्रवाल प्रथम, अहान सहानिया द्वितीय व तेजस्विनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा प्रथम से आराध्या गुप्ता प्रथम, नमन ठाकुर द्वितीय व अनन्या जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा द्वितीय से सान्वी अग्रवाल प्रथम, आरोही शर्मा द्वितीय व मोक्ष कटारिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तृतीय में धरा ठाकुर प्रथम, प्रार्थना द्वितीय व प्रांजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चार से क्षितिज गुप्ता ने प्रथम, अनिका यादव द्वितीय व कुंज गर्ग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांच से वेदांशी यादव प्रथम, जीविधा द्वितीय व अनिका तोमर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा छह में नव्या प्रथम, अभय बालियान द्वितीय व रिद्धिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सात में कनिका प्रथम, दीया द्वितीय व अविष्का काकरान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठ में एनी हैदर प्रथम, नैतिक चौधरी द्वितीय व प्रत्यूषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों का परीक्षाफल भी उत्साहवर्धक रहा। विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान ने सभी छात्र -छात्राओं एवं उनके अभिभावकों व समस्त स्टाफ को परीक्षा परिणाम के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंच का संचालन रश्मि पालीवाल व रुचि रानी ने किया।

सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 6961 दिनांक 05-07-2021 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम **गर्वित सिंह (Garvit Singh)** अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

स्वर्ण सिंह पुत्र महावीर सिंह
ग्राम-सदरूदीन नगर, तहसील-बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर

पीएम मोदी की 05 अप्रैल को श्रीलंका यात्रा, ऊर्जा परियोजनाओं पर फोकस

नई दिल्ली, 22 मार्च (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 05 अप्रैल को श्रीलंका की यात्रा पर जाएंगे। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने शुक्रवार को संसद में इस यात्रा की घोषणा की। पीएम मोदी की यह यात्रा भारत और श्रीलंका के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। राष्ट्रपति ने यह भी बताया कि पीएम मोदी की यात्रा के दौरान त्रिंकोमाली जिले में सामपुर विद्युत संयंत्र के निर्माण का काम भी शुरू होगा। यह परियोजना दोनों देशों के बीच सहयोग का एक उदाहरण है और श्रीलंका के ऊर्जा क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव लाने का वादा करती है। पीएम मोदी 2 से 4 अप्रैल तक थाईलैंड में होंगे, जहां वह बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इस सम्मेलन के बाद, वह श्रीलंका जाएंगे। इस यात्रा के दौरान, दोनों देशों के बीच सौर ऊर्जा परियोजनाओं पर भी चर्चा होगी। भारत और श्रीलंका ने पिछले महीने त्रिंकोमाली में 50 मेगावाट (फेज 1) और 70 मेगावाट (फेज 2) क्षमता के सोलर पावर प्लांट स्थापित करने के लिए एक समझौता किया था।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च, (बु.)।
गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- रसकट ढैया 1280-1290, चाकू 1400-1575, लड्डू 1420-1490, खुरपापाड़ 1350-1360, शक्कर मसाला 1540-1550, आमद- 6000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च, (बु.)।
मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना-	89750	चांदी-	98600
सिक्का-	10800	गिन्नी-	66970

कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

सूचना

सर्वसाधारण एवं स्वामियों/अध्यासियों को उ.प्र. नगर पालिका अधिनियम-1916 की धारा 147 (ग) एक्ट 2 के अन्तर्गत सूचित किया जाता है कि निम्नवत् भवनों पर पालिका के कर अभिलेखों में पालिका देय गृहकर, जलकर इत्यादि के देय को जमा कराने हेतु अपना नाम दर्ज कराने हेतु निम्नवत् कागजातों के आधार पर नामान्तरण हेतु प्रस्तुत किये गए हैंः-

क्र. सं.	भवन व मौहल्ले का नाम	पालिका के अभिलेखों में दर्ज नाम	आवेदक का नाम	प्रस्तुत अभिलेखों का विवरण
1	158-सी सिविल लाइन दक्षिणी	श्रीमती विराज कुमार पत्नी यशपाल सिंह	श्रीमती विराज पत्नी स्व. यशपाल सिंह व श्री चैतन्य सिद्धार्थ व प्रणव सिंह पुत्रगण स्व. यशपाल सिंह	बैनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र वारिसान प्रमाण पत्र की छायाप्रतियां व शपथ पत्र

यदि किसी आमजन/उक्त सम्बंधित व्यक्तियों को उक्त नामान्तरण हेतु प्रस्तुत आवेदनों की बाबत कोई आपत्ति, उजर/सुझाव आदि प्रस्तुत करना है तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से एक माह के अंदर पालिका में प्रस्तुत कर सकते हैं, ताकि नियमानुसार नामान्तरण की कार्यवाही की जा सके।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

शीतला अष्टमी को भी एक लाख श्रद्धालुओं ने शीतला माता मंदिर में प्रसाद चढ़ाया

नवजात शिशुओं के मुंडन करा माता को बाल अर्पित किए

मीरापुर, 22 मार्च (बु.)। कस्बे के महाभारत कालीन विश्व विख्यात श्री शीतला माता (बबरेवाली) मंदिर में लगने वाले मेले के तीसरे दिन शीतला अष्टमी को करीब एक लाख श्रद्धालुओं की भीड़ ने माता के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया। देश विदेश से आये श्रद्धालुओं ने अपने परिवारों के साथ मंदिर पहुँचकर मेले का आनन्द लिया और मनौती मांगी। विश्व विख्यात श्री शीतला माता मंदिर में शीतला अष्टमी के अवसर पर मेले के तीसरे दिन करीब एक लाख श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर पहुँची और माता के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया। शनिवार को भी सुबह करीब 5 बजे से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गई थी। लोग भारी संख्या में भैंसा-बुग्गी, ट्रैक्टर-ट्राली, बस, ट्रक व कार आदि वाहनों में सवार होकर मंदिर पहुंचे तथा माता रानी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मेले में पहुंचे नव दम्पति जोड़ों ने मन्दिर में माथा टेक कर माता रानी से अपने सुखद जीवन के लिए प्रार्थना की। मांगी गई मनौती पूरी होने पर कई लोग ढोल नगाड़ों के साथ मंदिर पहुँचे। वहीं दूसरी तरफ श्री शीतला माता मंदिर पर लगने वाले मेले के दौरान शीतला सप्तमी व शीतला अष्टमी को यहाँ नवजात बच्चों का मुंडन कराने की विशेष मान्यता है। मुंडन के उपरांत नवजात शिशुओं को माता के भवन में माता रानी का आशीर्वाद दिलाया जाता है और माता को नवजात शिशुओं के बाल अर्पित किए जाते है। मान्यता है कि इससे नवजात शिशुओं के ऊपर हमेशा माता रानी की कृपा बनी रहती है।

कहासुनी के बाद मेले में लगी दुकान में आग लगायी

मीरापुर, 22 मार्च (बु.)। श्री शीतला माता मंदिर परिसर में लगे मेले में घूमने आए एक शराबी युवक की एक दुकानदार से बहस हो गयी, जिसके बाद युवक ने उसकी दुकान में आग लगा दी। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने आग बुझाकर आरोपी को हिरासत में ले लिया। शुक्रवार की देर रात श्री शीतला माता मंदिर में सिकन्दरपुर निवासी युवक जोनी पुत्र सुदेश शराब के नशे में मेला घूमने पहुँचा। इस दौरान मेले दुकान लगाने वाले एक दुकानदार से किसी बात को लेकर बहस हो गयी। आरोप है कि इससे जोनी आग बबूला हो गया। और उसने दुकानदार को गाली-गलौच करते हुए देख लेने की धमकी दी और चला गया। आरोप है कि कुछ देर बाद आरोपी जोनी वहाँ आया और उक्त दुकान के पिछले हिस्से में आग लगा दी। आग की लपटें उठती देख वहाँ हड़कम्प मच गया। इस दौरान वहाँ ड्यूटी दे रहे पुलिसकर्मियों ने आनन-फानन में दौड़कर लोगों की मदद से आग बुझाई, जिसके चलते कोई बड़ा नुकसान नहीं हो सका। पुलिस ने मौके से आरोपी को दबोच लिया और थाने ले आयी। यदि पुलिस सक्रिय न होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। समाचार लिखे जाने तक आरोपी थाने में बैठा था। मामले में कोई लिखापढ़ी नहीं हुई थी।

महिला पुलिसकर्मियों ने महिला का खोया हजारों रुपयों से भरा पर्स लौटाया

मीरापुर, 22 मार्च (बु.)। श्री शीतला माता मंदिर के मेले के दौरान उमड़ी भीड़ में एक महिला का रुपयों से भरा पर्स खो गया था। उक्त पर्स दो महिला पुलिसकर्मियों को मिल गया था। दोनों महिला पुलिसकर्मियों ने पीड़िता महिला को ढूंढकर उसका रुपयों से भरा पर्स उसे वापस कर दिया तथा ईमानदारी की मिसाल पेश की। शनिवार को जानसठ कोतवाली क्षेत्र के गांव बसायच निवासी महिला रूपा पत्नी अनिल कुमार अपने परिजनों के साथ शीतला माता के मंदिर में प्रसाद चढ़ाने आयी थी। इस दौरान भीड़ में उसका पर्स मेले में खो गया। पर्स में 7200 रुपए थे। इसी दौरान मेले में ड्यूटी दे रही महिला कांस्टेबल मनीषा राजपूत व अनु को महिला रूपा का उक्त पर्स मिल गया, जिसमें दोनों महिला पुलिसकर्मियों ने हजारों रुपये देखे तो पर्स मालिक की आईडी देखने को पर्स चेक किया, किन्तु पर्स में कोई आईडी नहीं मिली, जिस पर दोनों महिला पुलिसकर्मियों ने मंदिर के अन्दर जाकर खोये पर्स के सम्बंध में अनाउसमेंट कराया, जिसके बाद पर्स की मालिक रूपा पुलिस सहायता केंद्र पहुँची, जिसके बाद महिला पुलिसकर्मी मनीषा व अन्नु ने महिला रूपा को उसका पर्स वापिस दे दिया। हजारों रुपयों से भरा खोया पर्स वापिस मिलने पर महिला रूपा ने दोनों पुलिसकर्मियों का आभार व्यक्त किया और उनकी ईमानदारी की तारीफ की।

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा
मुजफ्फरनगर बुलेटिन
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय, तहसील जानसठ ,जिला मुजफ्फरनगर

वाद संख्या टी 202209550201231/1231 सन 2022

1. कवेन्द्रपाल पुत्र प्रभीर सिंह, 2. प्रदीप कुमार पुत्र प्रभीर सिंह
समस्त निवासीगण ग्राम धीराहेड़ी, परगना भोकरहेड़ी, तहसील जानसठ, जिला मुजफ्फरनगर
..........वादीगण

बनाम

1. नरेन्द्र सिंह पुत्र दीवान सिंह, 2. धर्मवीर पुत्र कालू, 3.राजबीर पुत्र कालू, 4. ओमपाल पुत्र कालू, 5. वीरेन्द्र सिंह पुत्र कालू 6. (अ) बालेन्द्र पुत्र सुखवीर,7. नीरज कुमार पुत्र रेशपाल सिंह, 8.पंकज कुमार पुत्र रेशपाल सिंह, 9. रेशपाल पुत्र करतार सिंह, 10. कर्मवीर सिंह पुत्र करतार सिंह, 11. कर्मसिंह पुत्र करतार सिंह, 12. सुरेश पुत्र करतार सिंह, 13. रमेश पुत्र करतार सिंह, 14.अमित राठी पुत्र राजबीर, 15. विनित राठी पुत्र राजबीर, 16.सुरेश देवी पत्नी राजबीर, 17. ग्राम सभा धीराहेड़ी द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम धीराहेड़ी, परगना भोकरहेड़ी, तहसील जानसठ, जिला मुजफ्फरनगर। समस्त निवासीगण ग्राम धीराहेड़ी, परगना भोकरहेड़ी तहसील जानसठ, जिला मुजफ्फरनगर।
..............प्रतिवादीगण

वाद अन्तर्गत धारा 116 उ0प्र0 राजस्व संहिता अधिनियम 2006
ग्राम धीराहेड़ी, परगना भोकरहेड़ी,
तहसील जानसठ, जिला मुजफ्फरनगर।

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश बाबत के दायरा की मे लिहाजा आपको हुक्म होता है आप तारीख 25 माह 03 सन् 2025 बवक्त 10 बजे प्रतिदिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहत मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाब देही दावा करे और उसकी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तोवेजों को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर मसमूह फैसला होगा।

बस्वत मेरे दस्तखात और मोहर अदालत के आज तारीख 18 माह 03 सन् 2025 जारी किया गया।

सील न्यायालय
उपजिलाधिकारी
जानसठ

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

परिसीमन से प्रतिनिधित्व की चिन्ता

दक्षिण भारत के राज्य आगामी परिसीमन पर लोकसभा और राज्यसभा में अपने प्रतिनिधित्व को लेकर चिन्ता जता रहे हैं। उनके दृष्टिकोण से देखा जाए तो वे सही चिन्ता कर रहे हैं, लेकिन कहा यह भी जा रहा है कि यह सिर्फ मोदी सरकार का विरोध करने की नाकाम कोशिश है। परिसीमन अर्थात देश या प्रांत में विधायी निकाय वाले क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों की सीमा तय करने की प्रक्रिया। परिसीमन का काम एक उच्चाधिकार निकाय को सौंपा जाता है। ऐसे निकाय को परिसीमन आयोग या सीमा आयोग के रूप में जाना जाता है। भारत में ऐसे परिसीमन आयोगों का गठन 4 बार किया गया है। 1952 में परिसीमन आयोग अधिनियम,1963 में परिसीमन आयोग अधिनियम,1973 में परिसीमन अधिनियम और 2002में परिसीमन अधिनियम। परिसीमन आयोग भारत में एक उच्चाधिकार निकाय है, जिसके आदेशों को कानून के तहत जारी किया गया है और इन्हें किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती। इस संबंध में,ये आदेश भारत के राष्ट्रपति द्वारा निर्दिष्ट तारीख से लागू होते हैं। इसके आदेशों की प्रतियां संबंधित लोकसभा और राज्य विधानसभा के सदन के समक्ष रखी जाती हैं, लेकिन उनमें उनके द्वारा कोई संशोधन करने की अनुमति नहीं होती है। लोकसभा और विधानसभाओं में जनसंख्या के आधार पर संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए परिसीमन किया जाता है। आजादी के बाद संविधान निर्माताओं ने तय किया कि सीटों का निर्धारण जनसंख्या के आधार पर किया जाएगा और इसके लिए संविधान में परिसीमन की व्यवस्था की गई। परिसीमन आबादी के आधार पर संसदीय सीटों की संख्या तय करता है। माना जा रहा है कि इस व्यवस्था से उत्तर भारत के राज्यों को अधिक सीटें मिलेंगी और दक्षिण भारत के राज्यों की संसदीय सीटों की संख्या में मामूली बदलाव होगा। यह भी माना जा रहा है कि तमिलनाडु इससे सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। 2024 लोकसभा चुनाव के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था कि सरकार दो प्रमुख काम करेगी। राष्ट्रीय जनगणना और परिसीमन।संविधान के अनुच्छेद-82 और 170 में परिसीमन प्रक्रिया को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश तय किए गए हैं। अनुच्छेद-82 इसमें कहा गया है कि प्रत्येक जनगणना के बाद संसद लोकसभा क्षेत्रों की सीमाएं और संख्या नए सिरे से तय करने के लिए परिसीमन अधिनियम पारित करे। अनुच्छेद-170 यह अनुच्छेद विधानसभा सीटों के परिसीमन के बारे में है। इसके तहत आबादी के आंकड़ों के आधार पर हर राज्य में विधानसभा सीटों की संख्या तय की जाती है। जानकारों का मानना है कि साल 2026 तक भारत की आबादी करीब 150 करोड़ हो जाएगी। दक्षिण भारत में कर्नाटक की लोकसभा सीटें 28 से बढ़कर 36 हो सकती हैं। तेलंगाना की सीटें 17 से बढ़कर 20 और आंध्र प्रदेश की सीटें 25 से बढ़कर 28 हो सकती हैं। तमिलनाडु की लोकसभा सीटें 39 से बढ़ कर 41 हो सकती हैं। केरल में आबादी बढ़ने की दर सबसे कम है। केरल की सीटें 20 से घटकर 19 हो सकती हैं। वहीं, उत्तर भारत में उत्तर प्रदेश की सीटें 80 से बढ़कर 128 और बिहार की सीटें 40 से बढ़कर 70 हो सकती हैं। दक्षिण भारत के राज्य इसीलिए परिसीमन का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि परिसीमन से उनकी सीटें कम हो सकती हैं और राष्ट्रीय राजनीति में उनकी आवाज कमजोर होगी। करीब पांच दशक के दौरान बिहार की जनसंख्या, तमिलनाडु की तुलना में तेजी से बढ़ी है, लेकिन लोकसभा क्षेत्र की संख्या में बदलाव नहीं हुआ है। इसका नतीजा यह है कि बिहार में एक लोकसभा क्षेत्र में 32 लाख लोग हैं, वहीं तमिलनाडु में एक लोकसभा क्षेत्र में 20 लाख आबादी है। यही कारण है कि तमिलनाडु सहित दक्षिण भारत के कुछ राज्य परिसीमन का विरोध कर रहे हैं। इन राज्यों का कहना है कि अगर जनसंख्या के आधार पर लोकसभा सीटों की संख्या तय की जाएगी, तो उनको नुकसान होगा, क्योंकि उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण की नीतियों को प्रभावी तरीके से लागू किया है। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक ने परिसीमन को लेकर बैठक की। बैठक में कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया। बैठक के लिए द्रमुक ने सात राज्यों केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और पंजाब से संपर्क साधा था। चेन्नई में हुई परिसीमन पर बैठक में तमिलनाडु के मुख्यमन्त्री एम.के. स्टालिन ने कहा, वर्तमान जनसंख्या के हिसाब से निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन नहीं होना चाहिए। हम सभी को इसका विरोध करने में दृढ़ रहना चाहिए। संसद में जनप्रतिनिधियों की संख्या में कमी आने से हमारे विचार व्यक्त करने की ताकत कम हो जाएगी। हालांकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साफ किया है कि दक्षिणी राज्यों को सीटों का नुकसान नहीं होगा। इस मामले पर गृह मन्त्री अमित शाह ने कहा है कि मैं दक्षिण भारत के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी आपके हितों को लेकर सतर्क हैं और सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि दक्षिण भारत के राज्यों की एक सीट भी कम न हो। अगर सीटें बढ़ती हैं, तो दक्षिण भारत के राज्यों को उचित हिस्सा मिलेगा। इस पर संदेह करने का कोई कारण नहीं है। अमित शाह के इस आश्वासन के बाद भी दक्षिण के नेता चिंतित हैं। तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि दशकों से यहां मौजूद राज्यों ने जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने और प्रबंधित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। हमने नीतियां पेश कीं, जागरूकता बढ़ाई और वह हासिल किया, जिसका लक्ष्य था- स्थिर जनसंख्या वृद्धि, जबकि कुछ अन्य राज्यों में तेजी से जनसंख्या वृद्धि जारी है, हमने जिम्मेदारी से काम किया। नतीजतन, हम कई अन्य राज्यों की तुलना में बहुत पहले जनसंख्या प्रतिस्थापन दर तक पहुंच गए, लेकिन इस उपलब्धि के लिए पुरस्कृत होने के बजाय अब हम अपना राजनीतिक प्रतिनिधित्व खोने के जोखिम में हैं। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमन्त्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा। इसमें उन्होंने अनुरोध किया है कि परिसीमन प्रक्रिया इस प्रकार से की जाए कि किसी भी राज्य को सदन में कुल सीटों की संख्या के संदर्भ में लोकसभा या राज्यसभा में अपने प्रतिनिधित्व में कोई कमी न झेलनी पड़े। जगन मोहन रेड्डी ने अपनी बात को अच्छे अंदाज से कहा है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा है कि पीएम मोदी को परिसीमन के मामले में पूर्व प्रधानमन्त्री अटल बिहारी वाजपेयी के रास्ते पर चलना चाहिए।

चार तीर

सुनील उत्सव

'नेकियाँ' 'बद' 'खामुशी' 'जुल्म'

नेकियाँ करते हैं जो उनको भी पकड़ा जाएगा,
बद को क्यों टोका नहीं उनसे ये पूछा जाएगा,
ये कलामे पाक में लिक्खा है मैंने है सुना,
नेक बन्दों की खामुशी जुल्म समझा जाएगा।

खतौली पालिका सभासद ने सरे बाजार की मारपीट

खतौली, 22 मार्च (बु.)। भाकियू से जुड़े पालिका सभासद द्वारा सरेबाजार अपने साथियों सहित गाली-गलौच करते हुए मारपीट किये जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने व पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज के उपरांत भी कोतवाली पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्यवाही न करना चर्चा का विषय बन रहा है। मिली जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला मिठ्ठुलाल निवासी भाकियू संगठन से जुड़े पालिका सभासद शालू खान द्वारा अपने साथियों सहित सरेबाजार विगत तीन दिन पूर्व मारपीट का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसमें सभासद व उसके साथ जमकर मारपीट करते दिखाई पड़ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर मारपीट में घायल पीड़ित मोहल्ला मिठ्ठुलाल निवासी शानेआलम द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर नामजद अभियोग दर्ज होने के पश्चात भी कोतवाली पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं किये जाने को लेकर नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। पीड़ित शाने आलम द्वारा कोतवाली में दर्ज अभियोग में उल्लेख किया गया है कि गत 19 मार्च की रात्रि के समय वह बाजार से सहरी का सामान लेकर आ रहा था। इसी दौरान रास्ते में भाकियू से सम्बन्धित व सभासद असद उर्फ शालू खान ने रोब दिखाते हुए उसे रोक लिया तथा उसके साथ बाजार से लाये सामान की खोजबीन करने लगा। शाने आलम द्वारा विरोध करने पर आरोप है कि शालू खान ने गुस्से में गाली-गलौच शुरू कर दी तथा अपने भाई आमिर व साथी जहांगीर व एक अन्य के साथ हमला बोल दिया तथा लाठी-डंडों से बुरी तरह घायल कर दिया। शोर सुनकर जैसे ही आस पड़ौस के लोग इकट्ठा हो गये तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। पीड़ित द्वारा हमलावर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार की है। पीड़ित शाने आलम का आरोप है कि पालिका सभासद के साथ-साथ भाकियू की आड में पूर्व में भी आरोपी शालू खान मारपीट व अभद्र व्यवहार की वारदातों में बचता रहा है, जिसके कारण उसकी दबंगई बढ़ गई है।

सहकारी गन्ना विकास समिति तितावी की बोर्ड बैठक संपन्न

- विकास कार्यों के साथ बजट स्वीकृति के आधार पर पास - मंत्री अनिल कुमार व पूर्व मंत्री संजीव बालियान रहे मौजूद

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। सहकारी गन्ना विकास समिति तितावी में साधारण सभा शनिवार को रेलवे रोड पर स्थित कार्यालय परिसर में आयोजित की गई। बैठक में नवगठित बोर्ड के सदस्यों एवं डेलीगेट्स ने भाग लेते हुए समिति के विकास कार्यों पर विचार मंथन करने के साथ ही विभिन्न मुद्दों पर मंथन किया। बैठक की अध्यक्षता समिति की चेयरमैन ज्योति गुलिया पत्नी भोला शंकर ने की। शनिवार को सहकारी गन्ना विकास समिति तितावी कार्यालय पर आयोजित साधारण सभा की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार समेत अन्य अतिथियों की मौजूदगी में कई महत्वपूर्ण कार्यों पर स्वीकृति की मुहर लगी। इस बैठक में गन्ना समिति के गत वित्तीय वर्ष के आय-व्यय का अनुमोदन किए जाने के साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट की स्वीकृति का प्रस्ताव साधारण सभा द्वारा सर्व सम्मति से स्वीकृत किया गया। इसके अलावा गन्ना समिति के संपन्न हुए चुनाव खर्च, नेहरू चिकित्सालय के जीर्णोद्धार, ग्राम हैदरनगर को राजस्व ग्राम हैदरनगर जलालपुर नाम संशोधन करने का निर्णय लिया गया। वहीं समिति भवन की मरम्मत के लिए प्रस्ताव एवं भूमि अर्जन एवं नई समिति भवन निर्माण प्रस्ताव के अलावा जिन संस्थाओं में सदस्य भेजने के लिए निर्वाचित नहीं हुए उन्हें प्रस्ताव भेजने आदि के भी निर्णय लेते हुए साधारण सभा द्वारा सर्वसम्मति से पास किए गए। इसके साथ जनपद में किसानों को 50 प्रतिशत पर कृषि यंत्र नेपसेक व ह्यूम पाइप का वितरण भी सर्व सम्मति से पास किया गया। गन्ना समिति तितावी की संपन्न बोर्ड की बैठक में कार्यवाही सचिव सतीश कुमार द्वारा की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में डायरेक्टर एवं गन्ना समिति के सदस्य मौजूद रहे।

विश्व जल दिवस पर जल बचाने का संकल्प लिया

जानसठ, 22 मार्च (बु.)। विश्व जल दिवस पर एंबिएंस एकेडमी जानसठ में छात्र-छात्राओं तथा अध्यापकों ने जल बचाने का संकल्प लिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने कहा कि जीवन में जल के महत्व को देखते हुए वह जल का दुरुपयोग नहीं करेंगे और सभी को जल का दुरुपयोग ना करने और जल बचाने की सलाह भी देंगे। प्रबंधक भावेश गुप्ता ने बताया कि विश्व जल दिवस 22 मार्च को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्व के सभी देशों में स्वच्छ एवं सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना है। साथ ही जल संरक्षण के महत्व पर भी ध्यान केंद्रित करना है। प्रधानाचार्य मनु उर्फ मनोज गुप्ता ने कहा कि जल जीवन का आधार है। हमारे पास भूगर्भ में जल सीमित मात्रा में है। हमें किसी भी कीमत पर जल का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। जल के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि यह हम सबका मानवीय और नैतिक कर्तव्य है कि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए जल का संरक्षण करें। इस दौरान धनीराम, मेघा, सोनिया, गुलरेज, सोनू, चेतन, प्रीति सिंह आदि मौजूद रहे।

बांग्लादेश को गुड़ खिला रहा जिला, भेजी गई 30 मीट्रिक टन जीआई टैग वाले गुड़ की खेप

मुजफ्फरनगर/शामली, 22 मार्च (एजेंसी)। भारत के कृषि निर्यात को बढ़ावा देते हुए, मुजफ्फरनगर से 30 मीट्रिक टन जीआई-टैग वाले गुड़ की खेप बांग्लादेश को निर्यात की गई है, जो अपने उच्च गुणवत्ता वाले गन्ने के लिए प्रसिद्ध क्षेत्र है। बासमती निर्यात विकास फाउंडेशन-बीईडीएफ द्वारा शामली में एक समारोह के दौरान गुड़ खेप को रवाना किया गया। इस दौरान शामली के विधायक प्रसन्न चौधरी, बीईडीएफ (एपीडा) के संयुक्त निदेशक डॉ. रितेश शर्मा, सहारनपुर डिवीजन के एएएमओ राहुल यादव और बृजनंदन एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के अध्यक्ष संदीप चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस पहल के तहत किसान उत्पादक संगठनों और किसान उत्पादक कंपनियों के माध्यम से पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बांग्लादेश को गुड़ के सीधे निर्यात की शुरूआत की गई है। इस अवसर पर शामली के विधायक प्रसन्न चौधरी ने मुजफ्फरनगर और शामली में उत्पादित गुड़ की

बेहतर गुणवत्ता के बारे में बताते हुए कहा कि इस गुड़ की अंतरराष्ट्रीय बाजारों में काफी मांग है। एपीडा के अध्यक्ष अभिषेक देव के विजन को रेखांकित करते हुए, बीईडीएफ के संयुक्त निदेशक डॉ. रितेश शर्मा ने सीधे कृषि निर्यात के लिए एफपीओ को सशक्त बनाने की के लिए आवश्यक बताया है। उन्होंने कहा कि ऐसा कर- के कृषक समुदाय को अधिकतम लाभ दिलाया जा सकता है। वर्ष 2023 में गठित बृजनंदन एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी में 545 सदस्य हैं, जिनमें दो महिला निदेशक शामिल हैं। बीईडीएफ से प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता के प्राप्त करके इसके सदस्य अंतरराष्ट्रीय उत्पादन और निर्यात मानकों को पूरा करने में सक्षम हुए हैं। एपीडा के समर्थन से, यह कृषि निर्यात में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एफपीओ की तीसरी सफलता की कहानी है, इससे पहले नीर आदर्श ऑर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा वर्ष 2023 और 2024 में लेबनान और ओमान को बासमती चावल का निर्यात किया गया था। उल्लेखनीय है कि यह उत्तर प्रदेश का एकमात्र एफपीओ है, जिसे राज्य की कृषि निर्यात नीति के तहत 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता मिली है। इस अवसर पर बासमती निर्यात विकास फाउंडेशन (एपीडा) द्वारा बासमती चावल और अन्य कृषि उत्पादों के निर्यात संवर्धन पर एक क्षमता निर्माण के लिए एक विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के बयान में इस पहल को उत्तर प्रदेश में कृषि निर्यात अवसरों के विस्तार, किसानों को सशक्त बनाने एवं भारत के कृषि क्षेत्र के लिए टिकाऊ और लाभदायक भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया है।

पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव हुआ सम्पन्न

बुढ़ाना, 22 मार्च (बु.)। पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय बुढ़ाना नम्बर-3 में शनिवार को बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र की बीईओ किरण यादव व सभासद नियम पंवार की अध्यक्षता में विद्यालय वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। बीईओ किरण यादव द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें एआरपी प्रीति चौहान, उम्मेद अली व अमीर अहमद ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत व भाषण आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सब मौजूद मेहमान व अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन आंचल व मीनाक्षी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के बाद जिन बच्चों द्वारा कार्यक्रम किए गए उन्हें पुरस्कार वितरण किया गया, जो बच्चे विद्यालय में नियमित रुप से आते हैं, जो कक्षा में प्रथम आते हैं। दूसरे क्रिया कलापों में प्रतिभाग करते हैं। उनमें जो अच्छी प्रतिभा रखते हैं, उन बच्चों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वार्ड सभासद संयम पंवार द्वारा विद्यालय की सराहना की गई। कार्यक्रम बहुत अनुशासन व मनोरंजन के साथ समाप्त हुआ।

10 दिनों से लापता युवती को बरामद करने में शाहपुर पुलिस फेल

शाहपुर, 22 मार्च (बु.)। शनिवार को शाहपुर के एक गांव का परिवार पुलिस कार्यालय पर शिकायत लेकर पहुंचा और परिवार के लोगों ने खुलकर आरोप लगाते हुए बताया कि उनकी 16 वर्षीय बेटी क्षेत्र के ही एक युवक के साथ चली गयी थी। जिसकी वीडियो फुटेज भी उन्होंने निकलवाकर शाहपुर थाने की पुलिस को सौंप दी है। मगर 10 दिन बीत जाने के बाद भी शाहपुर पुलिस किशोरी को बरामद करने में नाकामयाब रही है। एसएसपी कार्यालय पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि पुलिस ने किशोरी को भगाकर ले जाने वाले युवक को भी हिरासत में ले रखा है। हिरासत में लेने के बावजूद भी पुलिस ने उस पर कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया। परिजनों ने आरोप लगाया कि शाहपुर पुलिस ने इस मामले में भी पैसा खाने का काम किया है। पुलिस पर खुलकर आरोप लगाने के बाद परिजनों ने किशोरी को वापस बरामद करने की मांग एसएसपी से की। अब देखना यह होगा कि पीड़ित परिवार को एसएसपी कार्यालय आने के बाद कितने और दिन तक इंतजार करना होगा।

साल्ट-कोहली की विराट पारी से आरसीबी को मिली जीत

कोलकाता 22 मार्च (वार्ता) फिल साल्ट (56) और विराट कोहली (59 नाबाद) की शानदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)-18 के उदघाटन मुकाबले में शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को आसानी से सात विकेट से हरा दिया। कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 174 रन बनाये जिसके जवाब में आरसीबी ने विजय लक्ष्य 22 गेंद शेष रहते पूरा कर लिया। आरसीबी की जीत में विराट की भूमिका अहम रही जिन्होने फिल साल्ट का विकेट गिरने के बाद कुछ गेंदो को आराम से खेला और बड़े शॉट्स खेलने में परहेज किया। दसवें ओवर तक यही स्थिति केकेआर की भी थी, उस समय सुनील नारायण का विकेट गिरने के बाद भी आंजिक्य रहाणे ने संयम नहीं बरता और अगले ही ओवर में बड़ा शाट खेलने के प्रयास में अपना विकेट गंवा बैठे थे। अनुभवी विराट ने साथी बल्लेबाजों के लिये क्रीज में रहते हुये अभिभावक की भी भूमिका अदा की। रजत पाटीदार (34) ने धुआंधार बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया और 16 गेंदो की संक्षिप्त पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया। उनके आउट होने तक आरसीबी अपनी जीत लगभग सुनिश्चित कर चुका था। विराट ने अपनी नाबाद पारी में चार चौके और तीन जानदार छक्के लगाये। इससे पहले उन्होने फिल साल्ट के साथ 95 रन की मैच जिताऊ पार्टनरशिप भी की। साल्ट ने अपनी विस्फोटक पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाये। ईडन गार्डन की पिच पर केकेआर के गेंदबाज बेअसर दिखायी दिये। आरसीबी के गिरने वाले तीन विकेट वरुण चक्रवर्ती,वैभव अरोड़ा और सुनील नारायण ने बांट लिये। इससे पहले क्विंटन डिकॉक (4) के रुप में पहला विकेट गिरने के बावजूद कप्तान आंजिक्य रहाणे (56) और सुनील नारायण (44) ने विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया और दसवें ओवर तक टीम का स्कोर तीन अंकों के पार पहुंचा दिया था। दोनो की बल्लेबाजी केकेआर के एक बड़े स्कोर की ओर इशारा कर रही थी मगर इस बीच रसिख सलाम ने सुनील नारायण को विकेट के पीछे आउट करा कर इस साझीदारी को तोड़ा जबकि अगले ही ओवर में रहाणे कृणाल पांड्या की छोटी गेंद को पुल करने के प्रयास में डीप स्कैवयर लेग पर कैच आउट हो गये। लगातार दो विकेट गिरने के साथ केकेआर की रन गति में ब्रेक लग गया। इस बीच कृणाल पांड्या ने वेंकटेश अय्यर (6) और रिंकू सिंह (12) को चलता कर केकेआर को बैकफुट पर ढकेल दिया। उधर, रांद्रे रसल (4) सुयश वर्मा के हाथों क्लीन बोल्ड हो गये। विकेटों के पतन के बीच एक छोर पर अंगकृष रघुवंशी (30) ने अपने हाथ दिखाये मगर टीम निर्धारित 20 ओवर में 174 रन से आगे नहीं बढ़ सकी।

मंत्री स्वतंत्र देव का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

- स्थानीय मुद्दों पर कार्यकर्ताओं से किया विचार मंथन

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। शनिवार को हरिद्वार जाते हुए यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का मुजफ्फरनगर हाईवे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। स्थानीय भाजपा नेताओं से मिलने के लिए कैबिनेट मंत्री करीब पांच मिनट के लिए पहले मूलचंद रिसॉर्ट पर रूके, जहां उन्हें कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाते हुए उनका स्वागत किया। बाद में हाईवे पर स्थित संगम होटल पर कैबिनेट मंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मीडिया से भी वार्ता की। इस बीच उनके साथ सहारनपुर जिला पंचायत अध्यक्ष भी उनके साथ मौजूद रहे। प्रदेश की योगी सरकार में जल शक्ति विभाग के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शनिवार को देवभूमि उत्तराखंड के हरिद्वार में नदियों व अन्य कार्यों की समीक्षा के लिए मुजफ्फरनगर हाईवे से होकर जा रहे थे। कैबिनेट मंत्री के कार्यक्रम की जानकारी होने पर जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी सहित भाजपा नेता उनसे मिलने के लिए हाईवे स्थित मूलचंद रिसोर्ट पर पहुंचे। निर्धारित समय पर वहां पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का यहां पहुंचने पर फूल मालाएं पहनाने के साथ स्वागत किया। करीब पांच मिनट की मुलाकात में कैबिनेट मंत्री ने स्थानीय नेताओं से वार्ता करते हुए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान यहां पहुंचे यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री का स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से जिला मंत्री सुधीर खटीक, उपाध्यक्ष शरद शर्मा, प्रदेश सहसंयोजक श्रीमोहन तायल, नीतिन मलिक, मीडिया प्रभारी अंचित मित्तल, राजीव गर्ग, विरेंद्र सैनी, मनोज चौधरी आदि भाजपाई मौजूद रहे।

रस्म पगड़ी

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्य माता जी
श्रीमती शांति देवी पत्नी स्व: श्री सुखबीर सिंह वर्मा
का स्वर्गवास दिनांक-13.03.2025 दिन बृस्पतिवार को हो गया था।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। उनकी शोक सभा एवं रस्म तेहरवीं दिनांक-23.03.2025 दिन रविवार को होनी सुनिश्चित हुई है।

स्थान:- अर्पण बैंकेट हॉल, महावीर चौक, मुजफ्फरनगर

कार्यक्रम
दिनांक- 23.03.2025 दिन रविवार
ब्रह्मभोज......................दोपहर 12:00 बजे
रस्म पगड़ी......................दोपहर 2:00 बजे

शोकाकुल परिवार:
पुत्र- मनोज वर्मा (भाजपा सभासद), राम वर्मा, श्याम वर्मा
पौत्र-अमन वर्मा, आदित्य वर्मा, अंश वर्मा
एवं समस्त वर्मा परिवार

9897373979, 8196074735
9760627883, 9927063239

'जनसंख्या नियंत्रण की हमें सजा न मिले', परिसीमन को लेकर चेन्नई में एकजुट हुआ विपक्ष

चेन्नई, 22 मार्च (एजेंसी)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शनिवार को परिसीमन को लेकर विपक्षी नेताओं की चेन्नई में बैठक बुलाई। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी सहित कई राज्य के मुख्यमंत्री और विपक्षी नेता इस बैठक में शामिल हुए। बैठक में हिस्सा लेते हुए केरल के सीएम ने कहा कि"लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन का प्रस्ताव हमारे सिर पर तलवार की तरह लटक रहा है। विभिन्न रिपोर्टों से पता चलता है कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार बिना किसी परामर्श के परिसीमन प्रक्रिया में आगे बढ़ रही है। यह अचानक उठाया गया कदम किसी संवैधानिक सिद्धांत या लोकतांत्रिक अनिवार्यताओं से प्रेरित नहीं है।" बैठक में सीएम स्टालिन ने स्पष्ट किया कि विपक्ष परिसीमन के खिलाफ नहीं है बल्कि एक अनुचित फॉर्मूले के खिलाफ है, जो उन राज्यों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा, जिन्होंने जनसंख्या वृद्धि को सफलतापूर्वक नियंत्रित किया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शनिवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इस आश्वासन पर संदेह जताया कि आगामी परिसीमन के कारण दक्षिण भारतीय राज्य संसदीय सीटें नहीं खोयेंगे। स्टालिन ने कहा कि अमित शाह की बातों पर उन्हें यकीन नहीं है। वहीं, मीडिया से बातचीत करते हुए तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने आरोप लगाया कि बीजेपी "जनसांख्यिकीय दंड" की नीति लागू कर रही है। उन्होंने आगे कहा, "परिसीमन प्रक्रिया में लोकसभा सीटों की संख्या न बढ़ाए"। इस बैठक में वर्चुअली तौर पर शामिल होते हुए बीजेडी अध्यक्ष नवीन पटनायक ने कहा कि "यह एक महत्वपूर्ण बैठक है। कई राज्य ऐसे हैं, जिन्होंने जनसंख्या को नियंत्रित करने और स्थिर करने के लिए बहुत अच्छा काम किया है। जनसंख्या नियंत्रण हमारे देश के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय एजेंडा है। एक राष्ट्रीय एजेंडा को राज्यों के हस्तक्षेप में विकेंद्रीकृत किया गया था और पिछले कई वर्षों से केंद्र सरकार ने इसे उच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने आगे कहा कि राज्यों ने भी अपनी पहल की और राष्ट्रीय एजेंडे को सफलतापूर्वक लागू करने में शामिल हुए और केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, पंजाब और ओडिशा राज्य इस संबंध में बहुत सफल रहे हैं।

HERITAGE PUBLIC SCHOOL
BASERA, MUZAFFARNAGAR
REQUIREMENT
We want qualified and fluent in English
FRONT DESK DUTY INCHARGE
PRTs (All Subjects)
TGTs (SCIENCE, MATHS, SOCIAL STUDIES , ENGLISH)
PGTs (ACCOUNTANCY, BIOLOGY, ENGLISH)
Attractive salary for the deserving candidates, Interested Candidate send their resume through whatsapp, E-mail or by hand upto 25/03/2025.
Walk in interview on 27/03/2025 at 10.00 A.M. Bus will be available at Vishvakarma Chowk at Muzaffarnagar at 8.30 A.M.
E-mail ID heritagecbse@gmail.com
Contact No. 9837100081, 7351524444
KHUSHBU SHARMA
Principal

प्रथमेश कुमार बने इन्वेस्ट यूपी के सीईओ

लखनऊ, 22 मार्च (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश शासन ने आईएएस अभिषेक प्रकाश को भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के चलते निलंबित कर दिया है। निलंबन के बाद शासन ने उनकी संपत्तियों की जांच के आदेश भी जारी कर दिए हैं। इसी क्रम में शासन ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार को इन्वेस्ट यूपी के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया है। आईएएस अभिषेक प्रकाश के निलंबन के बाद इन्वेस्ट यूपी के सीईओ का पद खाली हो गया था। इस स्थिति को देखते हुए शासन ने त्वरित निर्णय लेते हुए प्रथमेश कुमार को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। इससे पहले, प्रथमेश कुमार इन्वेस्ट यूपी में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एसीईओ) के रूप में कार्यरत थे। निलंबित आईएएस अभिषेक प्रकाश पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने सोलर पावर कंपनी के प्रोजेक्ट को मंजूरी देने के बदले 5% कमीशन मांगा था। यह कमीशन सुकांत जैन के माध्यम से मांगा जा रहा था। मामले की शिकायत मुख्य सचिव से की गई थी, जिसके बाद प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अभिषेक प्रकाश को निलंबित कर दिया। शासन ने अब अभिषेक प्रकाश की संपत्तियों की जांच के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस की विजिलेंस विंग को जिम्मेदारी सौंपी है। विजिलेंस टीम उनकी बरेली, पीलीभीत, हमीरपुर और लखनऊ में तैनाती के दौरान अर्जित की गई संपत्तियों की जांच करेगी। इस जांच में यह पता लगाया जाएगा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कितनी बेनामी संपत्ति अर्जित की है।

S.D. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
(Approved by AICTE & Affiliated to AKTU, Lucknow)
Jansath Road, Muzaffarnagar
APPOINTMENTS
Applications are invited for the post of Principal (Academics) and Faculty positions (Assistant professor, Associate Professor & Professor) in the following disciplines- Civil Engineering, Mechanical Engg., Electrical Engg, Electronics & Communication, Information Technology, Artificial Intelligence, Applied Science & Humanities (Physics, Chemistry, Mathematics, English) and Management (MBA), Computer Science & Engg. (Having knowledge of Full Stack & Other Languages)
Qualification as per AICTE Norms/Salary as per norms
Apply online within seven days from the date of advt. to Secretary, SDCET. Attach certificate of degrees and paste photograph on the Bio-data.
Apply on Email- hrsdcet@gmail.com
(Secretary & Manager)

नई मंडी पुलिस ने मुठभेड़ में 10 हजारी बदमाश गुलफाम पकड़ा

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। शनिवार देर शाम नगर की नई मंडी कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दस हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार इनामी बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाश से एक तमंचा व कारतूस बरामद किया है। मुठभेड़ के दौरान उसका साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। सीओ मंडी रुपाली राय चौधरी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में बागोवाली गांव के पास गाड़ी सवार बदमाशों ने चरवाहों को बंधक बनाकर भेड़ व बकरी लूट ली थी। शनिवार देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि लूट में शामिल दो बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने के लिए खड़े हुए हैं। थाना प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने मौके पर पहुंचकर बदमाशों की घेराबंदी की, तो उन्होंने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश गुलफाम निवासी शेरगढ़ी जनपद बुलंदशहर घायल हो गया, जबकि उसका साथी मुस्तकीम निवासी बुलंदशहर मौके से फरार हो गया। पकड़े गए बदमाश से पुलिस ने तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पकड़े गए बदमाश पर दस हजार का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस फरार बदमाश की तलाश में काम्बिंग कर रही है।

बरेली में ईंट भट्ठे की दीवार गिरी, 5 मजदूर दबे, एक की मौत, चार घायल

बरेली, 22 मार्च (एजेंसी)। मीरगंज के पास हाईवे किनारे स्थित एक ईंट भट्ठे में बड़ा हादसा हो गया। अचानक भट्ठे की दीवार गिरने से 5 मजदूर ईंटों के नीचे दब गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव कार्य टीम ने मौके पर पहुंचकर मजदूरों को निकालना शुरू कर दिया है। मीरगंज में हाईवे के किनारे परोरा गांव के पास शनिवार सुबह भट्ठे पर काम कर रहे मजदूरों के ऊपर ईंटों की दीवार गिर गई, जिसमें करीब 5 मजदूर दब गए। घटना के तुरंत बाद अन्य मजदूर और स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। बिना किसी देरी के, लोगों ने हाथों से ईंट हटाकर बचाव कार्य शुरू कर दिया। पुलिस और रेस्क्यू टीम ने चार मजदूरों को समय पर निकाल लिया। एक मजदूर चार घंटे बाद मिला, अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने हाईवे जाम करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया। ईंट भट्ठे की दीवार गिरने से मीरगंज के धनेटा निवासी छोटेलाल की मौत हो गई और घायलों में मीरगंज के पैगानगरी निवासी इसरार, मीरगंज के परोरा निवासी लीलाधर गंगवार, मीरगंज के बल्लूपुर निवासी नन्हे बाबू और बब्लू दब गए। टीम और स्थानीय लोगों की मदद से इन्हें निकाल लिया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही मीरगंज पुलिस मौके पर पहुंच गई और जेसीबी मशीन बुलाकर बचाव अभियान चलाया। करीब एक दो घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन में सभी मजदूरों को बाहर निकाल लिया गया। मीरगंज पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई थी, और रेस्क्यू टीम को भी बुला लिया गया था।

कमिश्नर के दौरे में मिला सब कुछ चकाचक, दिए जरूरी निर्देश

▶ लंबित वादों के निस्तारण किए जाने को दिए जरूरी टिप्स ▶ मंडलायुक्त ने लीची का पेड़ लगाकर किया वृक्षारोपण ▶ पुलिस की टुकड़ी द्वारा दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। मंडलायुक्त सहारनपुर अटल कुमार राय ने शनिवार को कलेक्ट्रेट तथा विकास भवन का निरीक्षण करते हुए अधीनस्थों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का समय से क्रियान्वयन करने एवं लंबित प्रकरणों का निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्ट्रेट के न्यायिक अनुभाग, वाद सहायक, एनबीसी, आरए अनुभाग, सामान्य सहायक, बिल सहायक, नजारत, अभिलेखागार कक्ष, सीआरए कक्ष एवं विकास भवन में जिला ग्राम विकास एवं डीडीओ एवं डीपीआरओ दफ्तरों का निरीक्षण किया।

कलेक्ट्रेट परिसर निरीक्षण के बीच उन्होंने कलेक्ट्रेट के न्यायिक अनुभाग कार्यालय में सभी पटलों पर रक्षित पत्रावलियों के रख-रखाव के साथ ही लंबित प्रकरण पत्रावलियों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए सीधे पटल सहायकों को जरूरी निर्देश दिये। वहीं उन्होंने रिकॉर्ड रूम में मौजूद खतौनियों का बस्ता एवं सूची देखने के साथ

यहां खतौनियां दाखिल होने की जानकारी भी ली। नकल रजिस्टर का अवलोकन करने के साथ में उन्होंने पेंडिंग प्रार्थना पत्रों की इस बीच जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पटल लिपिक द्वारा बताया कि वर्तमान 5 प्रार्थना पत्र लंबित हैं, जिनके शीघ्र निस्तारण कराने के सहारनपुर कमिश्नर ने निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट परिसर में सफाई व्यवस्था से संतुष्ट होते हुए उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी को निर्देश दिए कि भविष्य में इसी तरह साफ सफाई रहे, इसका ध्यान रखना होगा। कमिश्नर ने इस दौरान यहां अधिकारी व कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका तथा जीपीएफ पासबुक, स्थापना फाइल को भी देखा और संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि किसी अधिकारी-कर्मचारी के देय भुगतान लंबित न रहे उनके नियमानुसार देयों का भुगतान होता रहे और रिकॉर्ड भी अपडेट रखा जाए। कलेक्ट्रेट परिसर के साथ यहां के कार्यालयों के निरीक्षण से संतुष्ट मंडलायुक्त ने बाद में विकास भवन में कई विभागों का निरीक्षण करने के साथ जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए समय सीमा में कार्यों को गुणवत्तापूर्ण कराने के निर्देश दिए। इससे पूर्व कलेक्ट्रेट पहुंचने पर मंडलायुक्त अटल कुमार राय का पुलिस की टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिए जाने से पूर्व यहां प्रथम आगमन पर अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। गार्ड ऑफ ऑनर के बाद मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में एक फलदार लीची का पेड़ लगाकर वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, सीडीओ संदीप भागिया,एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम वित्त गजेंद्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, एसडीएम सदर निकिता शर्मा, एसडीएम मुख्यालय अर्पणा यादव, एसडीएम न्यायिक सुधीर कुमार, एसडीएम खतौली मोनालिसा जौहरी, एसडीएम बुढ़ाना राजकुमार, एसडीएम जानसठ यजेन्द्र कुमार के अलावा कलेक्ट्रेट तथा विकास भवन के संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मंडलायुक्त ने समीक्षा बैठक में कसे अफसरों के पेंच, लगाई क्लास

राजस्व वसूली-विकास कार्यों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। सहारनपुर कमिश्नर अटल कुमार राय की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में राजस्व एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई, जिसमें उन्होंने सभी विभागों को कार्य योजनाओं में गुणात्मक प्रगति लाते हुए इस बार सीएम डैशबोर्ड पर जिले की रैंकिंग बेहतर बनाने एवं राजस्व कार्यों के लक्ष्य पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त को एडीएम राजस्व गजेन्द्र कुमार ने राजस्व कार्यों की वर्तमान प्रगति से अवगत कराया।

समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त अटल कुमार राय ने अधिकारियों को 3 वर्ष के कोई वाद लंबित न रहने, पुराने वादों का निस्तारण समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए लेखपाल एवं कानूनगो की एक वर्कशॉप कराने के निर्देश देते हुए उन्होंने आइजीआरएस व संपूर्ण समाधान दिवस की कोई शिकायत लंबित न रहे, डिफॉल्टर की श्रेणी में आने से पहले उसका निस्तारण सही ढंग से किए जाने और राजस्व वसूली टारगेट बढ़ाए जाने के अफसरों को निर्देश दिए। विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो लक्ष्य दिया गया है, उसे शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि लोगों द्वारा विद्युत बिल की शिकायतें आती हैं कि बिल बढ़ाकर दिया जा रहा है, विद्युत बिल सही भेजे जाएं। यदि कोई बिल ऑपरेटर बिलों में गड़बड़ी करता है, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने डीडी कृषि को निर्देश दिए कि किसानों द्वारा जिले में गेहूं की पराली न जलाई जाएं इस पर ध्यान देने की जरूरत है, उन्होंने सभी सीएचसी एवं पीएचसी पर चिकित्सकों की उपस्थिति के भी निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव कराए जाने एवं सभी एंबुलेंस संचालित रहने के भी निर्देश दिए। साथ ही पशुओं के चारे एवं अन्य जरूरी चिकित्सीय उपाय करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान डीएम उमेश मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागीया, एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम वित्त गजेंद्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप सहित संबंधित विभाग अधिकारी उपस्थित रहे।

विशेष समुदाय ने किशोरी से की छेड़छाड़, तनाव व्याप्त

चरथावल, 22 मार्च (बु.)। चरथावल के मौहल्ला तीरगरान में घर के बाहर खेल रही किशोरी के साथ दूसरे समुदाय के युवकों द्वारा छेड़छाड़ व विरोध करने पर मारपीट, पथराव व जातिसूचक शब्दो का प्रयोग करने का आरोप है। इस मामले में

मारपीट-तोड़फोड़ व पथराव की वीडियो वायरल

पिता की तहरीर पर दस लोगों को नामजद व एक दर्जन अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। तीन लोगों के चोटें आयी हैं। वहीं घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों पक्षों की ओर से जमकर मारपीट,तोड़फोड़ एवं पथराव हो रहा है। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर जांच पड़ताल में जुट गई है। पीड़िता किशोरी के पिता ने दी तहरीर में बताया कि उसकी 14 वर्षीया पुत्री घर के बाहर खेल रही थी। खेलते समय पीछे से आये दूसरे वर्ग के युवकों मोनीस,आरिश व इरशाद ने बदनीयती से किशोरी के साथ छेड़छाड़ की। उनसे जान बचाकर उसने घटना की जानकारी स्वजन को दी। स्वजन ने आरोपितों से पूछताछ की, तो आरोप है कि एकत्रित होकर अनेक युवकों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट व पथराव करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में संजय, प्रवीण व वंश घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दस नामजद व एक दर्जन अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि किशोरी के साथ छेड़छाड़ व मारपीट के मामले में एससीएसटी एक्ट व पोक्सो सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दोनों पक्षों में पहले जमकर कहासुनी हुई। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। वहीं वायरल वीडियो में एक हलवा-पराठा की दुकान जंग का मैदान बन गई। वायरल वीडियो में खूब हलवा-पराठा की दुकान से हलवा, बर्तन फेंकते देखे जा सकते हैं। फिलहाल पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर जांच में जुट गई है।

दस नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

चरथावल, 22 मार्च (बु.)। चरथावल थाना क्षेत्र में विशेष समुदाय के लोगों द्वारा किशोरी से छेड़छाड़ व मारपीट के मामले में दबंगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मोनिश, आरिश, सलमान, वासिद, शहजाद, समीर, परवेज, आशू उर्फ बहल, नाजिम और कासिम समेत 11 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ, जिनमें एक आरोपी अज्ञात है।

क्षेत्र में तनाव के चलते अतिरिक्त बल तैनात

चरथावल, 22 मार्च (बु.)। चरथावल थाना क्षेत्र के मौ. तीरगरान में किशोरी से छेड़छाड़ व मारपीट के बाद क्षेत्र का माहौल गर्माया हुआ है जिसके चलते अतिरिक्त पुलिसबल तैनात किया गया है। देर रात तक क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल होने के चलते गश्त करती दिखी और बवालियों को गिरफ्तार करने में सक्रिय दिखी। नामजद आरोपियों के घरों पर देर रात पुलिस दबिश जारी रही। किशोरी से छेड़छाड़ के मामले ने साम्प्रदायिक रंग ले लिया है। माना जा रहा है कि रविवार को हिन्दू संगठन इस मामले में हस्तक्षेप कर सकते हैं।

विकास भवन के निरीक्षण में दिखाई दिया अनुभव

स्वच्छ भारत मिशन पर और सक्रियता के दिए निर्देश

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। मूल रूप से आजमगढ़ जिले के निवासी 2010 बैच के आईएएस अधिकारी मंडलायुक्त अटल कुमार राय शुरूआती दौर में पीसीएस अधिकारी के रूप में प्रदेश के बहराइच, इलाहाबाद, आगरा समेत कई जिलों में काम कर चुके हैं, वहीं ललितपुर, बिजनौर व लखनऊ के एसडीएम भी रह चुके हैं। नोएडा के संयुक्त सचिव, वाणिज्यकर व मनोरंजन कर में विशेष सचिव, यूपीएससी सचिव, इलाहाबाद सीडीओ एवं बनारस और गाजियाबाद में एडीएम सिटी रह चुके हैं। मंडल में कमिश्नर की जिम्मेदारी से पूर्व वे पंचायती राज विभाग निदेशक और खाद्य-रसद विभाग में विशेष सचिव के पद की भी जिम्मेदारी बखूबी निभा चुके हैं, जिसका नजारा शनिवार को निरीक्षण के बीच में दिखा।

मंडलायुक्त अटल कुमार राय का प्रदेश के पंचायतीराज विभाग में कार्यरत रहने का लाभ जनपद में जल्द दिखाई दे जाए तो गलत न होगा। डीपीआरओ विभाग के निरीक्षण में उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत भी अच्छे कार्य किए जाएं और बेहतर कार्य करने वाले ग्राम को पुरस्कृत हो सकें इसके लिए सकारात्मक पहल की जाए। उन्होंने प्रथम कड़ी में जनपद के टॉप टेन ग्राम पंचायतों की सूची उपलब्ध कराने के साथ शासन को भेजने के निर्देश दिए। इससे पूर्व मंडलायुक्त ने जिला विकास अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण करते हुए जहां विकास कार्यों की प्रगति पर निगरानी करने के निर्देश दिए वहीं विवादित मामलों में सच का पता लगाने के साथ इसमें दोषी पाए लोगों के खिलाफ कड़े कदम उठाए जाने की पैरवी की। उन्होंने स्वीकार किया कि विभागों में कुछ मामले उच्चाधिकारियों की नजरों से भी बच सकते हैं, लेकिन अनियमितता एवं निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की कमी किसी भी कीमत पर न हो, इसके लिए प्रयास किए जाने चाहिएं। बाद में मंडलायुक्त ने आगामी 25, 26 एवं 27 मार्च को लगने वाले तीन दिवसीय मेले की तैयारी को लेकर नुमाईश मैदान का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों से मेले के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

भाजपा नेता योगेश रोहिला ने पत्नी सहित तीन बच्चों को मारी गोली

सहारनपुर, 22 मार्च (एजेंसी)। सहारनपुर जनपद के गंगोह में सांगाखेड़ा ने एक भाजपा नेता ने पत्नी और तीन बच्चों को गोली मार दी। हमले में चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बेटे शिवांश, देवांश और बेटी श्रद्धा ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बताया गया कि भाजपा जिला कार्यसमीति के सदस्य योगेश रोहिला ने अपनी पत्नी नेहा (32), शिवांश (4), देवांश (7), श्रद्धा (8) को गोली मार दी। चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। गोली की आवाज सुनकर व शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। भाजपा नेता ने घर के भीतर ही इस वारदात को अंजाम दिया। बताया गया कि चारों के सिर में गोली मारी गई है। हालांकि आरोपी भाजपा नेता को पुलिस ने मौके से ही गिरफ्तार कर लिया है। यह भी जानकारी मिली है कि भाजपा नेता कुछ दिनों से मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं चल रहा था। उसके पास लाइसेंसी पिस्टल बताई गई है, जिससे उसने पत्नी और बच्चों को गोली मारी है। सभी का अस्पताल ले जाया गया। पुलिस आरोपी को थाने ले गई है। मौके पर जांच पड़ताल की जा रही है। घायल बेटे शिवांश, देवांश और बेटी श्रद्धा की अस्पताल में मौत हो गई है, जबकि पत्नी अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रही है। बताया गया कि भाजपा नेता के मानसिक रोग का उपचार करा रहा है। उसकी दवाई चल रही थी।

भाजपा नेता के परिवार का फाइल फोटो

ट्रैक्टर ले जा रहे किसान पर धारदार हथियारों से हमला, गंभीर

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। तितावी थाना क्षेत्र के बुडीना कलां में एक दबंग युवक द्वारा क्षेत्र के ही किसान अरविन्द पर गौरव नाम के एक युवक ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर अवस्था में अरविन्द को सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां उसका डॉक्टरों द्वारा उपचार किया गया। अरविन्द से हुई बातचीत में उसने बताया कि गौरव नाम का एक युवक जो नशे में धुत्त था, उसने उस समय अरविन्द पर हमला कर दिया, जब वह अपने ट्रैक्टर से खेत पर जा रहा था। अरविन्द से जब यह पूछा गया कि युवक का हमला करने का कारण क्या था, तो अरविन्द ने अभी यह सब बात बताने से इंकार कर दिया। माना जा रहा है कि आपसी रंजिश के चलते ही अरविन्द पर धारदार हथियार से हमला हुआ है।

...ऐसे दौरों की बहुत जरूरत, तभी होगा दफ्तरों का सुधार

रेड कारपेट बिछाकर निरीक्षण कराने को लेकर दिखी उत्सुकता

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को मंडलायुक्त का जनपद में दौरा राहत भरा साबित हुआ। इस दौरान प्रोटोकॉल के बीच रेड कारपेट पर कमिश्नर के स्वागत को तैयार कलेक्ट्रेट टीम किसी भी लापरवाही को तैयार नहीं थी। हालांकि बहुत से लोगों को इससे परेशानी हो सकती है, लेकिन आमजन को शनिवार में बड़ा सकून रहा। नगरीय क्षेत्र में गली-मौहल्लों के साथ कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन समेत दफ्तरों में लंबे समय से दबी सभी फाइलों की धूल हट गई। वहीं हर ओर साफ-सफाई के साथ तरतीब से खड़े वाहनों ने हर किसी को इस बीच बड़े बदलाव का अहसास करा दिया। मंडलायुक्त अटल कुमार राय के निरीक्षण के चलते नगरपालिका क्षेत्र की मुख्य सड़कों के साथ चौराहों पर साफ-सफाई के साथ कली-चूने का छिड़काव देखने को मिला। वहीं कलेक्ट्रेट परिसर के साथ विकास भवन, तहसील एवं अन्य विभागों में लंबे समय से दबी फाइलों की धूल हटाने के साथ बेतरतीब पड़े विभागों में सामान को भी व्यवस्थित करने को कर्मचारी अलसुबह से जुटे रहे। इसके अलावा विकास भवन व कलेक्ट्रेट में दफ्तरों के बाहर खड़े वाहनों की कतार एवं कुत्तों की फौज में इक्का-दुक्का को छोड़ दिया जाए तो दूर तक दिखाई ही नहीं दिया।

स्कूटी सवार ने महिला के साथ की छेड़छाड़

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। खालापार थाना क्षेत्र के गांव सुजडू निवासी एक महिला अपने मां के साथ शनिवार को खरीदारी करने के लिए गोल मार्किट आई थी। तभी स्कूटी सवार एक युवक ने महिला के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला के विरोध करने पर जब आसपास के लोग इकट्ठा हो गए तो महिला ने आरोपी को पकड़ लिया। इसी बीच आरोपी धक्का मुक्की करता हुआ स्कूटी वहीं छोड़कर फरार हो गया। लोगों ने आरोपी को पीछा किया मगर आरोपी लोगों की पकड़ में नहीं आ सका। शहर कोतवाली को इसकी सूचना दी गयी मगर तब तक महिला वहां से जा चुकी थी। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पड़ी स्कूटी को कब्जे में लिया और थाने ले आई। स्कूटी पर लिखे नम्बर से फिलहाल स्कूटी दिलशाद के नाम से पंजीकृत मिली है। सीसीटीवी कैमरे के आधार पर पुलिस यह भी कन्फर्म कर रही है कि उक्त स्कूटी पर दिलशाद ही था या कोई अन्य युवक इस स्कूटी को लेकर बाजार आया हुआ था।

शराबियों ने दारोगा पर किया जानलेवा हमला, 4 हिरासत में

बुढ़ाना, 22 मार्च (बु.)। गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी पर तैनात एक दारोगा ने गश्त करने के दौरान बस 5 शराबियों से इतना पूछ लिया कि वे सुअर फार्म पर देर रात को शराब क्यों पी रहे हैं। बस इतना सुनते ही पांचों शराबी दारोगा पर टूट पड़े और उनकी पिटाई कर डाली, तब दारोगा ने इसकी सूचना अपने उच्च अधिकारियों को दी, तो मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने सब आरोपियों को हिरासत में ले लिया और उनके पक्ष में आए लोगों को जमकर हड़काया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी पर तैनात एक दारोगा अपने हमराह के साथ बीती शुक्रवार की देर रात गश्त पर थे, तब उन्होंने मेरठ वाया करनाल हाइवे पर स्थित सुअर फार्म पर कुछ लोगों की शोर शराबे की आवाजें सुनी, तो देखा कि 5 लोग शराब के नशे में धुत हैं और दारु पार्टी चल रही है। दारोगा ने नजदीक जाकर इतनी रात में इस तरह से शराब पीने का कारण पूछा, तो उन्होंने दारोगा को पकड़कर पीट दिया, तब दारोगा ने इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी, तो अधिकारियों में दारोगा पर हुए हमले की बात सुनकर हड़कंप मच गया। कुछ देर बाद मौके पर पुलिस बल पहुंचा और पांचों शराबी हमलावरों को हिरासत में लेकर चलने लगे तो शराबी युवकों द्वारा शोर मचाने पर शराबी पक्ष के काफी लोग मौके पर आ गये और पुलिस की कार्यवाही का विरोध करते हुए पुलिस को धकियाकर आरोपियों को छुड़ाने लगे, तो पुलिस ने सबको हड़काकर भगा दिया। पुलिस ने भाग रहे लोगों में से कुछ को पकड़ना भी चाहा, तो वे गांव में ही शादी के एक फंक्शन में घुस गये, तो पुलिस ने वहां पहुंचकर शराबियों की हिमायत करने पर सबको जमकर लताड़ पिलाई। पुलिस ने इस मामले में पांचों शराबियों के खिलाफ गंभीर धाराओं मे रिपोर्ट दर्ज कर ली। इसमें पुलिस ने और लोगों के खिलाफ भी कार्यवाही करने की बात कही है। सब शराबी युवक इसी शादी के फंक्शन में शामिल होने के लिए आए थे और रात में गैर कानूनी तरीके से एकांत में बैठकर खुले आसमान के नीचे शराब का सेवन कर रहे थे।

हमला करने वाले भेजे जेल

बुढ़ाना, 22 मार्च (बु.)। दारोगा पर हमला करने वाले कल्लू पुत्र ऋषिपाल, अरुण पुत्र राजकुमार व प्रवीण पुत्र हरवीर निवासीगण ग्राम गढ़ी सखावतपुर, मोहित पुत्र सत्यपाल निवासी लूम थाना छपरौली व शान्तु निवासी मलकपुर थाना बड़ौत बागपत को बुढ़ाना पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया है।

फरियादियों की समस्या निदान को तैनात रही अफसरों की टीम

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। मंडलायुक्त के निरीक्षण के बीच कील-कांटे बीनने की खातिर नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में खतौली, जानसठ व बुढ़ाना एसडीएम कलेक्ट्रेट परिसर में पूरे समय भ्रमणशील रहे। हालांकि इस बीच एक फरियादी ने डीएम कार्यालय के सामने बैनर लगाकर धरना देना शुरू कर दिया था, वहीं एक फरियादी ने मारपीट के मामले में कार्रवाई न होने की शिकायत कर व्यवस्था पर सवाल उठाने का काम किया।

बिजली के खम्भे पर चढ़े मंदबुद्धि युवक ने किया हाईटेंशन ड्रामा

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। शनिवार को एक मंदबुद्धि युवक काफी देर तक बिजली के खम्भे पर चढ़कर फाइबर और केबिल के तार काटता दिखाई दिया। युवक को खम्भे पर चढ़ा देखकर आते-जाते लोग वहीं रुक गए और बहुत देर तक उक्त हाईटेंशन ड्रामा चलता रहा। बाद में पुलिस को इसकी सूचना दी गयी तो थाना सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को नीचे उतारने का प्रयास किया, मगर युवक लगभग आधा घंटे तक टस से मस नहीं हुआ। बाद में किसी तरह बहला-फुसलाकर युवक को नीचे उतारने में पुलिस को कामयाबी मिली। खम्भे से नीचे उतरने के बाद पुलिस ने जब उसका नाम पूछा तो युवक अपना नाम भी नहीं बता सका। पुलिस द्वारा उसे समझा-बुझाकर छोड़ दिया गया।

सूदखोरों से तंग आये व्यक्ति की मौत, प्रदर्शन

भोपा, 22 मार्च (बु.)। भोपा निवासी महिला ने सूदखोरों पर पति अरुण शर्मा को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, सार्वजनिक स्थान पर मारपीट करने व जबरदस्ती जहर का सेवन कराकर हत्या कर देने के गंभीर आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं सूदखोरों के आतंक के खिलाफ मृतक की शव यात्रा में शामिल सैकड़ों ग्रामीणों ने भोपा -मोरना मार्ग पर घंटों जाम लगाकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। भोपा निवासी महिला आरती शर्मा ने प्रदर्शन के दौरान पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति अरुण शर्मा के पास भोपा निवासी दो व्यक्ति व निकटवर्ती गांव युसूफपुर निवासी एक व्यक्ति आते थे, जो पति अरुण शर्मा पर उधार की रकम बताकर अवैध रूप से रकम की वसूली करने लगे। बीते 18 मार्च की आरोपी घर पर आये और गाली-गलौच करते हुए कहा की यदि पैसे नहीं दे सकते, तो गांव छोड़कर चले जाओ। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पड़ोसियों द्वारा बीच बचाव के बाद आरोपी चले गये। शुक्रवार को जब अरुण शर्मा पेपर मिल में ड्यूटी कर वापस घर लौट रहे थे, तभी आरोपियों ने रास्ते में रोककर मानसिक प्रताड़ना देते हुए किसी जहरीले पदार्थ का सेवन करा दिया, जिसके बाद अरुण शर्मा की हालत बिगड़ गयी और किसी प्रकार वह घर पहुंचे। आनन-फानन में अरुण शर्मा को अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी। पोस्टमार्टम के उपरांत शव को गांव लाया गया, जहां अरुण शर्मा की मौत को लेकर गुस्साए परिजनों व सैकड़ों ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर जाम लगाकर घंटों प्रदर्शन किया। पत्नी आरती शर्मा ने तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी निरिक्षक रामबीर सिंह ने जांच के उपरांत कार्रवाई का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत किया।

मोटे मुनाफे का लालच देकर ठगे 16 लाख रुपये

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। फुगाना थाना क्षेत्र के रहने वाले हर्षवर्धन के पास एक महिला ठग ने फोन पर शेयर मार्किट में मोटा मुनाफा होने का लालच दिया, तो हर्षवर्धन महिला की बात में बखूबी आ गया। महिला ने हर्षवर्धन को वीआईपी सिटी ऑफ हैल्थ नामक व्हाट्सअप ग्रुप में जोड़ दिया, जहां ग्रुप में जुड़े अन्य लोगों को निवेश के नाम पर टिप्स भी दिए गए। साइबर ठग ने अपने जाल में फंसाकर भट्टा मालिक हर्षवर्धन से 10.95 लाख रुपये शेयर बाजार में निवेश करने हेतु ट्रांसफर करा लिये। मुनाफे का झांसा देते हुए महिला ने हर्षवर्धन को निवेश करने पर 26.37 लाख रुपये का लाभ होना बताया। जिसमें महिला द्वारा लाभ की रकम निकालने के लिए 20 प्रतिशत और रुपया जमा कराने को कहा गया। हर्षवर्धन महिला के झांसे में फंसता गया और 10.95 लाख के बाद 5.25 लाख रुपये की रकम और जमा करा दी गयी। जिसके बाद आरोपियों ने कोई रकम वापस नहीं की। पीड़ित ने साइबर थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई।

देवी के स्थान पर बनी देवी की मूर्तियों को तोड़ने को लेकर आक्रोश

जानसठ, 22 मार्च (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव भलवा में देवी के स्थान पर लगी टाइलों में देवी की मूर्तियों को तोड़ने को लेकर आक्रोश फैल गया। ग्रामवासियों ने थाने पर पहुंचकर मूर्तियां तोड़ने वालों के खिलाफ कार्यवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी ने आरोपितों के खिलाफ कार्यवाई करने का आश्वासन दिया। शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव भलवा में बने माता के स्थान पर किसी ने उनकी मूर्तियों को तोड़ दिया, जब ग्रामवासी माता की पूजा करने पहुंचे, तो उन्हें तोड़फोड़ का पता लगा। मूर्तियों के तोड़ने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर आरोपितों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाई करने की बात कही, तब जाकर ग्रामीण माने। ग्रामीणों ने माता के स्थान में तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाई करने की मांग की। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि गांव भलवा में माता के स्थान में लगी टाइल पर बनी माता की मूर्तियों को तोड़ने की सूचना मिली है। सूचना के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर आगे की कार्यवाई की जाएगी।

38 साल पुराने राशन डीलर का सामान रखा सड़क पर, कोर्ट में मामला विचाराधीन

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। नई मण्डी कोतवाली के घेर खत्ती में शनिवार की सुबह एक हाईटेंशन ड्रामा सामने आया, जिसमें 38 साल से किरायेदार के रूप में रह रहे भूषणलाल का कथित नरेश गोयल ने पूरा सामान सड़क पर रख दिया। गेहूं की बोरियां, चावल के कट्टे, तेल, चीनी आदि सड़क पर रखकर नरेश गोयल किरायेदार को धमकी देता हुआ चला गया। किरायेदार भूषण लाल ने इसकी पीड़ा मीडिया से साझा करते हुए बताया कि वह 38 साल से इसी मकान में किरायेदार है और आज नरेश गोयल नामक व्यक्ति दिन निकलते ही उसके यहां पहुंचा और गिरेबान पकड़कर पांच छह लोगों के साथ सारा सामान सड़क पर ही रख दिया। इसकी सूचना पीड़ित ने उसने पूर्ति विभाग को भी दी, मगर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

समाचार लिखे जाने तक पीड़ित भूषण लाल अपना सारा सामान ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर ले जा रहा था और नरेश गोयल व भूषण लाल दोनों के बीच समझौते की कोई सूचना नहीं मिल सकी थी। मौके पर पुलिस भी मौजूद थी और पुलिस के सामने ही राशन की दुकान के नाम पर पेंट कराकर उसके फोटो भी कराए जा रहे थे। माना जा रहा है कि कहीं नरेश गोयल ने कोई मुकदमा जीतने के बाद 38 साल पुराने किरायेदार से मकान खाली न कराया हो।

कुँवर जगदीश प्रसाद सनातन धर्म इण्टर कॉलेज
एवं
कुँवर जगदीश प्रसाद सनातन धर्म जू. हाईस्कूल
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र- 2025-26
कक्षा प्ले से कक्षा 9 तक
कक्षा 11 (वाणिज्य वर्ग में)
रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ हैं।
सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त
न्यूनतम फीस, कुशल व अनुभवी स्टाफ
निकट सनातन धर्म सभा, झांसी की रानी, मुजफ्फरनगर
M.9760605352, 8439539822